हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

02 नशा के खिलाफ चलाया गया अभियान

07 पानी, बिजली और सफाई पर पक्ष-विपक्ष ने उठाए सवाल





## खबर संक्षेप

### नेहरु नगर पूर्व में हफ्तेभर से 24 घंटे जल रही स्ट्रीट लाइट

**भिलाई** । भीषण गर्मी में एक तरफ तो शहर के लोग बिजली गुल होने से परेशान हैं वहीं दूसरी ओर नगर निगम बिजली के वेस्टेज को लेकर लापरवाह बना हुआ है। नेगरु नगर पूर्व में पिछले 19 अप्रेल से चौबीस घंटे स्ट्रीट लाइट जल रही है। इससे विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। नेहरु नगर के जागरुक लोगों द्वारा इस ओर भिलाई निगम के नेहरु नगर जोन कार्यालय में निदान-1100 नंबर पर फोन कर ध्यानाकर्षित करने पर कर्मचारी द्वारा बार बार जवाब दिया जाता है कि शिकायत का पांच दिन में निदान किया जाएगा। अभी पांच दिन नहीं हुए हैं। नगर निगम की इस लापरवाही से लाखों रुपए की बिजली बर्बाद हो रही है। चौबीस घंटे बिजली जलती रहने की समस्या का निदान चाहने वाले जागरुक लोगों ने बताया कि निगम अधिकारी बिजली की इस तरह बर्बादी रोकने के साथ लापरवाह लोगों पर भी कार्रवाई करें।

### प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 30 अप्रैल को

**भिलाई**। नगर पालिक निगम भिलाई में शासन की जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का निर्माण किया गया है। मकान के लिए पात्र हितग्राही जो अभी तक अंशदान की राशि जमा नहीं किए है वे 29 अप्रैल तक मकान का 10 प्रतिशत राशि जमा कर दे। जो हितग्राही मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये है, वे हितग्राही लाटरी में भाग लेकर अपने स्वयं के मकान के हकदार होगें। लाटरी नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित है। संबंधित हितग्राही रसीद की कापी के साथ समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है। प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बार्ड, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया में निर्मित मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से किया जायेगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल का नागरिको से अपील है कि प्रधानमंत्री आवास के तहत बनाए गये मकान बहुत मजबूत है। इसमें सभी प्रकार की सुविधा दी गई है, जो एक घर में होना चाहिए। बेडरूम, किचन, बाथरूम, टायलेट, बालकनी, सड़क, बिजली, पानी की सुविधा मिलेगी।

### ग्राउंड रिपोर्ट : जहरीले पानी का लोगों के घरों तक पहुंचने का पूरा सच

# ये है केमिकलों की छावनी, जहां गड्ढों में पड़े हैं डामरयुक्त ड्रम, अंधेरा होते ही जलाए जा रहे हैं वेस्ट मटेरियल

*हरिभूमि न्यूज :**भिलाई**। ये हैं केमिकलों की छावनी। इसलिए ये कह रहे हैं कि यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में जहां-तहां डामरयुक्त ड्रम फेकें गए हैं। गड्ढों में पानी भरे हैं और डामर का अवशेष इसमें घुल रहा है। जैसे ही अंधेरा होता है उद्योगों के पीछे वेस्ट मटेरियल जलते हैं। पूरा इलाका हर रोज इस तरह प्रदूषित हो रहा है कि रहवासियों का दम घुटने लगता है। एनजीटी के निर्देशों की यहां खुले आम धज्जियां उड़ रही है और पर्यावरण विभाग अपने ढ़र्रे पर चल रहा है। हाल यह है कि शुक्रवार को ही पर्यावरण व निगम की संयुक्त टीम ने इस औद्योगिक क्षेत्रों का जायजा लिया और उनके हिसाब से सब कुछ सही चल रहा है। लेकिन मैदानी हकीकत इससे बिलकुल उलट है। हरिभूमि ने शुक्रवार की शाम 7 बजे औद्योगिक क्षेत्र छावनी की पड़ताल की तो ये चौकानें वाली स्थिति देखी।*

## ये तस्वीर बयां कर रही है औद्योगिक क्षेत्र छावनी की हकीकत



1 यह तस्वीर एक ऐसी जगह की है जहां नालों का पानी एक जगह एकत्र हो रहा है। इस पानी में साफतौर पर केमिकल फैला हुआ है। और भी जगह पर ऐसी स्थिति है। केमिकलयुक्त इस पानी को भीषण गर्मी में यदि धोखे से बर्तन धोने या अन्य कार्य के लिए उपयोग में ले लिया तो बड़ी घटना भी हो सकती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर में ये दिक्कतें ही नहीं आ रही।



2 इस तस्वीर में वेस्ट मटेरियल ऐसे जलाए जा रहे हैं। हर रात का यह दृश्य है। इसमें उद्योगों में इस्तेमाल किए गए मटेरियलयुक्त बोरियां, वेस्ट पन्नियां व अन्य वेस्ट चीजें हैं। जिसे जलाकर नष्ट किया जा रहा है। इन चीजों को जलाने से प्लास्टिकयुक्त आग की लपटें निकल रही है। पूरे इलाके में ये जहरीली गैस फैल रही है।



3 यह तस्वीर है जिसमें डामर के वेस्ट ड्रम की। एक गड्ढे.में कई ड्रमों को फेंक दिया गया है। इस स्थान के आसपास डामर व केमिकल बनाने वाली कई फैक्ट्रियां चल रही हैं। ये केवल एक स्थान पर ही नहीं हो रहा है। पूरे क्षेत्र में जगह-जगह ऐसी स्थिति देखने को मिलेगी। हालात ऐसे हैं लेकिन न प्रशासन को इससे कुछ मतलब है और न ही जिम्मेदार विभागों को। सालों से ऐसा ही चल रहा है।

### पार्षदों का कहना कि पानी पीने योग्य नहीं, अफसर कह रहे सब ठीक

वार्ड क्रमांक 41 से लेकर 46 तक के पार्षदों ने हरिभूमि से गुरुवार को अपनी व्यथा कही। सभी पार्षदों का कहना रहा कि यहां केमिकलयुक्त पानी की वजह से पानी पीने योग्य नहीं है। शासन-प्रशासन ये यह मांग करते आ रहे हैं कि शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएं। उद्योग केमिकल वेस्ट छोड़े इसलिए भू गर्भ तक केमिकल चला गया है। जहां भी बोर करवाते हैं वहां केमिकलयुक्त पानी ही निकलता है। छावनी के शहरी स्वास्थ्य केंद्र में भी बोर खनन से पहले टेस्टिंग की गई तो केमिकलयुक्त होने की बात सामने आई। इसलिए पिछले 13 साल से यहां बोर खनन नहीं हो सका। लेकिन पर्यावरण और निगम के अफसरों ने ऐसे जगह के पानी सैंपल लिए जहां से शुद्ध पानी आता है और लीपापोती करने के लिए परीक्षण में इसे सामान्य पाया। सवाल ये उठता है कि क्या पार्षद गलत बोल रहे हैं या अफसर लीपापोती में लगे हैं।

### एनजीटी के निर्देश है कि कचरा बिलकुल न जलाएं

एनजीटी के स्पष्ट निर्देश है कि कचरा बिलकुल ही नहीं जलना चाहिए। भिलाई सहित दुर्ग व रिसाली निगमों को हाल ही में यह चेतावनी भी मिली थी कि कचरों के ढ़ेर का उचित ढ़ग से निष्पादित किया जाए। लेकिन यहां उद्योगों और उनके आसपास बेखौफ होकर कचरा जलाया जा रहा है। निगमों द्वारा डंप कचरे को जलाकर निष्पादन करने की गलत नीति चल रही है।एक तरह से एक विभाग दूसरे विभाग को इस मामले में संरक्षित करने में लगा है। कार्रवाई करने के बजाय जिम्मेदार विभाग केवल नोटिस देकर औपचारिकता निभाने में जुटा हुआ है।

### हरिभूमि की खबर का संज्ञान, उद्योगों में पर्यावरण व निगम की दस्तक

हरिभूमि में प्रकाशित औद्योगिक क्षेत्रों के वार्ड क्रमांक 41 से लेकर 46 तक केमिकल से प्रभावित खबर का संज्ञान लिया गया। शुक्रवार को पर्यावरण विभाग और नगरनिगम भिलाई की संयुक्त टीम क्षेत्र में जायजा लेने पहुंची। क्षेत्रीय कार्यालय, छ. ग. पर्यावरण संरक्षण मण्डल भिलाई से एम. के. श्रीवास्तव, कनिष्ठ वैज्ञानिक एवं संजय सिंह रसायनग्य तथा जोन 4, नगर पालिक निगम भिलाई के उप यंत्री ने पानी के सैंपल लिए। पानी के सैंपल का भौतिक परीक्षण किया गया। मौके पर जल नमूनो में पीएच वैल्यू सामान्य पाया गया एवं जल नमूनों मे दुर्गन्ध महसूस नहीं की गई।



### सड़कों पर बनने लगा मिराज, जिला अस्पताल में लू प्रबंधन वार्ड

# ट्विनसिटी में 10 साल पहले अप्रैल में पड़ी थी ऐसी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दस साल बाद ट्विनसिटी भीषण गर्मी की चपेट में है। खास बात यह है कि वर्ष 2016 को अप्रैल महीने के 25 तारीख को ऐसी गर्मी पड़ी थी। इस दिन पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था जो शुक्रवार 25 अप्रैल को है। लू जैसे हालात हैं। हाल यह है कि सड़कों पर मिराज बनने लगी है। सड़कों की डामर पिछलकर मिराज का दृश्य बना दिया है। लगता है जैसे आगे सड़कों पर पानी फैला है। एलर्ट जारी करने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में लू पीड़ितों के लिए एक अलग से वार्ड भी बना दिया है। मौसम विभाग ने तापमान में बदलाव का अनुमान लगाया है। 26 जनवरी से पारा नीचे गिर सकता है और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हो सकती है।

### जिला अस्पताल व सिविल अस्पताल में लू प्रबंधन वार्ड

मौसम विभाग द्वारा हीट वेव एलर्ट जारी करने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लू प्रभावितों के लिए अलग से चिकित्सा का इंतजाम किया है। जिला व सिविल अस्पताल सुपेला में केजुअलिटी में ही एक अलग से वार्ड बनाया है। इस वार्ड में केवल लू पीड़ितों का उपचार किया जाएगा। ओआरएस के पैकेट और सलाइन भी केजुअलिटी में पर्याप्त संख्या में रखवाई गई है। विशेष तौर पर लू पीड़ितों के टेंपरेचर उतारने के लिए बर्फ बनाने की मशीन भी राज्य से बुलवाई गई है। इस मशीन से बर्फ बनेगी। एक डॉक्टर इस वार्ड के लिए अलग से तैनात किए गए है।



### बंगाल की खाड़ी में आ रही नमी, आज से बदलेगा मौसम

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 72 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मराठवाड़ा मध्य से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 26 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना हैं । इसलिए अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। फिर भी अनेक जिलों में हल्की गिरावट का दौर प्रारंभ हो जाएगा।

### दस साल की रिकार्ड की बराबरी

दस साल यानी 2016 को 25 अप्रैल के दिन पारा 44.5 डिग्री सेल्सियस पहुचा था जो वर्तमान में है। बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है इसलिए तापमान में 26 अप्रैल से गिरावट आ सकती है। मौसम बदल सकता है। **-डॉ. एचपी चंद्रा, मौसम विज्ञानी**

### लू वार्ड बना

लू पीड़ित मरीजों को उपचार देने के लिए हमने केजुअलिटी में एक अलग से वार्ड बना दिया है। यहां विशेष उपचार देंगे। बर्फ की मशीन भी मंगवाई गई है।

**-डॉ. हेमंत साहू, सिविलसर्जन**

### ट्विनसिटी में दस सालों का रिकार्ड

| वर्ष | अधिकतम तापमान | तिथि |
|---|---|---|
| 2025 | 44.3 | 25 अप्रैल |
| 2024 | 42.8 | 20 अप्रैल |
| 2023 | 42. 9 | 20 अप्रैल |
| 2022 | 43.6 | 21 अप्रैल |
| 2021 | 42.2 | 9 व 30 अप्रैल |
| 2020 | 41.8 | 22 अप्रैल |
| 2019 | 43.8 | 30 अप्रैल |
| 2018 | 41.8 | 22 अप्रैल |
| 2017 | 43.4 | 25 अप्रैल |
| 2016 | 44. 4 | 26 अप्रैल |
| 2015 | 41. 2 | 22 अप्रैल |

### नन्हे बच्चों को मिली गर्मी से राहत

प्रदेश सरकार के निर्देश पर 25 अप्रैल से सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। इस भीषण गर्मी में बच्चों और उनके पालकों ने राहत महसूस की। बच्चे शनिवार से स्कूल न जाकर घर पर ही रहेंगे। स्कूलों के समर कैंप को भी प्रबंधकों ने टाल दिया है। 16 जून से फिर स्कूलों में रौनक लौटेगी।

आवश्यकता है
रात्रिकालिन अखबार की गिनती पैकिंग एवं बंडल लोडिंग के लिये युवकों की आवश्यकता है।
आधार कार्ड, बैंक पासबुक होना अनिवार्य है।
12वीं से स्नातक तक
उम्र 21 से 30 वर्ष तक
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर
संपर्क - 9827555678

# नहीं मिलेगी फूटी कौड़ी, पालक और शिक्षक करेंगे समर कैंप में जनसहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी एक मई से पन्द्रह जून तक लगने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश के बीच समर कैंप लगाने के निर्देश राज्य के शिक्षा महकमे ने जारी कर दिया है। वही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि, समर कैंप के लिए अलग से कोई बजट नही दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक और पालक जनसहयोग से कार्यक्रम आयोजित करेगें। इस फरमान के बाद शिक्षको के भी होश उड गए हैं।

उल्लेखनीय है कि, तिमाही और अर्धवार्षिक जैसे परीक्षा में भी फंड के अभाव में शिक्षको को दो चार होना पडा था। जानकारी अनुसार समर कैंप कराने दो साल पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश का कार्यक्रम संकुल, ब्लाक और जिला स्तर पर रखा जाता रहा है। इसके लिए उन दिनों बजट भी जारी किए जाते रहे हैं। जबकि इस बार राज्य सरकार ने बजट जारी किए जाने से होश खडे कर दिए है। महकमे ने 25 अप्रैल को जारी आदेश में कहा है कि, 1 मई, 2025 में 15 जून, 2025 तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्र कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैम्प आयोजित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव, शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित करने कहा हैं। कहा गया है कि, समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। ग्रास शहर में निकट विभिय बड़े संस्थानों (आद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज आदि) का भ्रमण भी कराया जा सकता है।

## राज्य के शिक्षा सचिव ने जारी किया आदेश, कहा- अपने स्तर पर करें कार्यक्रम

### इन विधाओं का लगाया जाएगा कैंप

राज्य के शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि, समर कैम्प में चित्रकारी, गायन, बादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां कराई जाए। इन गतिविधियों के अलावा आप अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं। ममर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति लिया जाए।



### स्वैच्छिक होगा समर कैंप का आयोजन

शासन ने आदेश में यह भी साफ किया है कि, समर कैंप के लिए पालको से अनुमति लेनी होगी। यह कार्यक्रम पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा तथा समर कैम्प प्रातः 07:30 बजे से 09:30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा। जनसहयोग का पर्याप्त उपयोग करने कहा गया हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पृथक से कोई बजट देय नहीं होगा। जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया हैं। वही कहा गया है कि, समर कैम्प की अवधि निर्धारण करने एवं इसे बंद करने हेतु कलेक्टर को अधिकृत होगे।

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आज



दुर्ग। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश ठाकुर शनिवार 26 अप्रैल संध्या 5 बजे स्वर्गीय दाऊ ललित अग्रवाल के बांडा सिरसा जेवरा में दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी सिरसा से ननकठ्टी अहिवारा विधानसभा, दुर्ग ब्लाक में प्रथम आगमन हो रहा है। जिसके तहत कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन रखा गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण प्रभारी अध्यक्ष अशोक साहू ने क्षेत्र के सभी के कांग्रेसजनों, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कहा है कि परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में सभी विंग के कांग्रेस जन उपस्थित हों।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



दुर्ग। शास पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा विखं. धमधा में मोर आवास, मोर अधिकार और पृथ्वी दिवस पर कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने चित्रकला निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लिया। जिसमें कक्षा आठवीं से निबंध प्रतियोगिता में रोमा वर्मा प्रथम, साहिल साहू द्वितीय, सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम ओमकार वर्मा, द्वितीय रोमा वर्मा, चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा सातवी कि दिव्यांका वर्मा प्रथम, वैशाली द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के संचालनकर्ता शिक्षक संतोष कुमार बघेल, प्रधान पाठक एनएल साहू सहित शाला परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### कॉलेज में भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता




दुर्ग। साइंस कालेज के अर्थशास्त्र विभाग में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अंशुमाला चन्दनगर के द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम नरेन्दर अंथाल, द्वितीय मीरा भूरिया तथा तृतीय स्थान पर आशी सिंह रही। साथ ही स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू मानिकपुर, द्वितीय स्थान पर प्रथम मेश्राम रहे। कार्यक्रम में 7 अप्रेल को हुए अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय, डॉ. वंदना कश्यप तथा एम.ए. द्वितीय व चतुर्थ कक्षा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### खेलो इंडिया का ट्रायल 29 व 30 को

दुर्ग। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग शासन द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिका आवासीय खेल अकादमी एवं राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी में सत्र 2025-26 हेतु नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जा रहा है। आवासीय अकादमियों में प्रवेश के लिए तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिकाओं एवं बालिका कबड्डी चयन ट्रायल का आयोजन 29 व 30 अप्रैल को होगा।

## खेती: जिले के सोसायटियों में 37 फीसदी भंडारण, फिर भी वितरण 18 टन

# सोसायटियों से अधिक निजी दुकानदारों ने बाजार में बेचा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खेती किसानी की गंभीरता को लेकर जिला प्रशासन से ज्यादा बाजार के निजी दुकानदार आगे निकल गए है। सहकारी सोसायटियों में 18227 टन खाद का भंडारण होने के बाद भी वितरण सिर्फ 18 टन (लगभग जीरो) किया गया है। जबकि निजी दुकानों में भंडारण 2165 टन किया गया है। जिसमें वितरण (बिक्री) 284 टन हो गया हैं।

इस तरह खेती किसानों की शुरूआती दौर में ही निजी दुकानदरों ने सोसायटियों को पीछे छोड दिया है। खरीफ सीजन में खेती किसानी के लिए टारगेट के मुकाबले तीस फीसदी खाद का भंडारण पूरा हो गया है। लेकिन किसानों के बीच खाद वितरण में निजी दुकानदारों ने प्रशासन को पीछे छोड दिया है। खरीफ के शुरूआती दौर में डीएपी खाद की डिमांड अधिक होती है। इसका लक्ष्य 15800 टन है, जबकि भंडारण 1697 टन भंडारण हुआ है। जानकारी अनुसार इस बार सहकारी और निजी दुकानदारों में खाद भंडारण किए जाने के लिए 64970 का टारगेट तय किया गया है। इसमें 44140 सहकारी सोसायटी और 20830 टन खाद निजी दुकानदारों को उपलब्ध कराना है। अब तक जिला विपणन संघ द्वारा जहां सहकारी में 16262 टन खाद भंडारण कर चुके है, वहीं निजी दुकानदारों को 2165 टन खाद दिया गया है। जिला प्रशासन किसानों को जल्द खाद उठाव करने की सलाह देने में पीछे हो गए है। भंडारण खाद में अब तक निजी दुकानदारों ने 266 टन खाद वितरित कर चुके हैं। जबकि सहकारी सोसायटियों में सिर्फ 18 टन खाद किसानों को वितरित किया गया हैं।

**खास बातें**

- निजी दुकानदारों ने सोसायटियों को पीछे छोड़ा
- टारगेट के मुकाबले तीस फीसदी खाद का भंडारण पूरा
- जिला प्रशासन किसानों को जल्द उठाव करने की दे रहे सलाह

**वर्ष 2025 खरीफ सीजन के लिए शुरू हुई खाद भंडारण की प्रक्रिया**



| खाद | टारगेट | भंडारण | वितरण |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 27600 टन | 6157 टन | 146 टन |
| सुफा | 10500 टन | 6947 टन | 50 टन |
| डीएपी | 15800 टन | 1697 टन | 14 टन |

### डीएपी की रहती है ज्यादा डिमांड

केन्द्र से डिमांड के अनुसार रैक आने के बाद इसे जिला विपणन संघ द्वारा गोदाम में रखा जाता है। मार्कफेड द्वारा ही जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के जिलेभर में सोसायटियों को मांग के अनुसार खाद उपलब्ध कराती हैं। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को भीड से बचने के लिए अप्रैल माह से ही खाद उठाव कर लेने की सलाह दी जा रही हैं। अमूमन देखा जाता है कि, खेती सीजन के बीच एक साथ किसान सोसायटी पहुंचते है, जहां भीड के चलते अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती हैं।

### समिति में डीएपी खाद नहीं, कलेक्टर को ज्ञापन

जिले के ग्राम बोडेगांव ननकट्टी के किसान रवि ताम्रकार ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होने सोसायटियों में डीएपी खाद नही होने की शिकायत की है। खरीफ सीजन प्रारंभ हुए एक माह हो चुका है। लेकिन खाद भंडारण नही होने से कर्ज वितरण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। उनका कहना हैं कि, डीएपी 18:46 का दर निर्धारित नही किए जाने से पीओएस मशीन में एंट्री नही होने से वितरण नही किया जा रहा हैं। किसान लगातार सोसायटियों का चक्कर कांट रहे हैं। उन्होने किसानों को एक साथ डीएपी, यूरिया व पोटाश वितरित करने की मांग की हैं।

### पोटाश हुआ पिछले साल से सस्ता

इस बार किसानों को डीएपी में राहत मिली है। डीएपी पचास केजी का दर पिछले साल की तरह 1350 रूपए है। खेती में इसकी उपयोगिता शुरूआत से आखिर समय तक रहती है। बहरहाल सोसायटी में इसका भंडारण शुरू हो गया है। वहीं यूरिया भी पिछले साल की तरह 266 रूपए पर है। वही पोटाश 1650 से कम होकर 1555 हो गया हैं। इस तरह खाद में किसानों को इस बार राहत मिलेगी।

**अग्रिम उठाव के निर्देश**

जिला के किसानों को परेशानी से बचने के लिए अग्रिम उठाव करने जागरूक किया जा रहा है। आगे वितरण में तेजी आएगी। **-संदीप भोई,** डीडीए, दुर्ग

## फिल्म निर्माता पर कार्रवाई करने ब्राम्हण समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राम्हण समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। अनुराग कश्यप ने एक बयान के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रति अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया गया है। इसके विरोध में आज दुर्ग सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा ज्ञापन सौपा गया। उनकी यह टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण समुदाय की मान-मर्यादा और भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली है। ब्राह्मण समाज ने कहा कि, इस प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुराग कश्यप के विरुद्ध तुरंत एफआईआर एवम् अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, इस दौरान शशिकांत तिवारी राष्ट्रीय महासचिव, सुरेंद्र शर्मा संभागीय अध्यक्ष, सुमित शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, राकेश कुमार शुक्ला प्रदेश सचिव, नविता शर्मा प्रदेश उपा महिला मंच, दीपक मिश्रा, हेमंत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, जितेंद्र तिवारी, बृजमोहन तिवारी, राकेश दुबे, मुकेश तिवारी, मंजरी दुबे, प्रीति बेहरा, मृदुला शुक्ला, अजय शर्मा, प्रीति राहुल दुबे, ज्योति शर्मा, शुभम दुबे, विजय शर्मा आदि थे।

## चेम्बर ऑफ कामर्स ने दी श्रद्धांजलि



दुर्ग। छग चेंबर एंड इंडस्ट्रीज द्वारा शुक्रवार को नरसंहार मे बलिदान हुए भारतीय नागरिको एवम छत्तीसगढ़ रायपुर के व्यापारी को विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। महामंत्री अजय भसीन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि, इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी ने भी घटना में बलिदान देने वाले सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंकियों को अमानवीय कहा। दीप जलाकर सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। दीप श्रद्धांजलि में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, दुर्ग् जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा व दुर्ग चेम्बर से चैनसुख भट्टर, सुभाष बाकलीवाल, दिलीप मारोठी, पवन बढ़जात्या, मेहंदी भाई सामनानी, दर्शन ठाकवानी, बृजमोहन खंडेलवाल, प्रहलाद रूंगता, किशोर जैन, कुलदीप सिंह, बहादुर अली थारानी, विनय खंडेलवाल, विनीत खैतान, सुनील जस्वानी, आशीष निमजे , मनोज गोयल अन्य सभी व्यापारीगण उपस्थित हुए।

## सभापति सहित एमआईसी सदस्यों ने कानून व्यवस्था में कसावट लाने एसपी से की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सभापति श्याम शर्मा के नेतृत्व में एमआईसी और पार्षदों के साथ एसपी कार्यालय में नवपदस्थ एसपी विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा ने दुर्ग शहर में कानून व्यवस्था, यातायात और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

सभापति श्री शर्मा ने शहर के नए एसपी श्री अग्रवाल को शहर में कानून व्यवस्था, यातायात और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने शहर में इन क्षेत्रों में सुधार के लिए आवश्यक कदमों के बारे में निवेदन किया। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को गंभीरता से देखेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। इस दौरान एमआईसी सदस्य काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, कुलेश्वर साहू, गुलाब वर्मा, कमल देवगन, सजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, सरस निर्मलकर, खिलावन मटियारा, गुड्डू यादव, ललित ढीमर, जिंतेंद्र महोबिया व संभव जैन उपस्थित रहे।

## बार-बार झूठा श्रेय न लें महापौर-विपक्षी पार्षद

दुर्ग। नगरनिगम के विपक्षीय कांग्रेस पार्षद दल ने महापौर अल्का बाघमार पर तंज कसते हुए कहा है कि, शिवनाथ नदी मुक्ति धाम रोड का पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और माननीय पूर्व विधायक अरुण वोरा के समय रोड का भूमि पूजन हुआ था। उक्त रोड के प्रस्ताव में सीमेंटीकरण, डिवाइडर, लाइट, डामरीकरण सहित सारे काम उसमें प्रस्ताव में थे। वहां पर बार-बार झूठा श्रेय देने के लिए रोड का भूमि पूजन कर रही है। नगर निगम में शासन से पैसा तो ला नहीं पा रही है। पुराने कामों का जिनका भूमि पूजन हो चुका है, उन कार्यों का बार-बार भूमि पूजन कर रही है। कांग्रेस पार्षद दल ने कहा है कि, इस तरह के कार्य न कर विकास कार्य के लिए शासन से फंड लाए। जिससे शहर का विकास कार्य चालू हो जाए। आज स्थिति ये है कि, सारे पार्षद परेशान है। उनके वार्ड में काम नहीं हो रहे है। पुराने काम को छोड़ नए काम के लिए फंड की मांग करने वालों में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, उप नेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, आरएन वर्मा, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, अश्विनी निषाद, रुबीना हमीद खोखर, नीरा खिचड़िया, रेखा बंजारे, पायल पाटिल, मनीषा सोनी हैं।

## पहलगाम में हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जम्मू-कश्मीर के पवित्र स्थल पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवादी हमले में हिंदू तीर्थयात्रियों की पहचान कर की गई

- नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

नृशंस हत्या से समूचा देश शोक और आक्रोश में डूबा है। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में आज दुर्ग नगर में सकल हिंदू समाज, दुर्ग सराफा संघ एवं हिंदू युवा मंच (छ.ग.) के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रात्रिकालीन श्रद्धांजलि मार्च का आयोजन किया गया।

यह श्रद्धांजलि मार्च रात्रि 9 बजे दुर्ग नगर के हृदय स्थल लंगूर वीर



चौक से प्रारंभ हुआ, जो शनिचरी बाजार, गांधी चौक, जवाहर चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए पटेल चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, युवजन, समाजसेवी एवं श्रद्धालु नागरिकों ने मौन जुलूस में भाग लेकर अपने आक्रोश और पीड़ा को संयमित एवं संगठित रूप में अभिव्यक्त किया। मार्च का नेतृत्व नगर निगम सभापति श्री अरुण सिंह, प्रकाश सांखला, श्याम शर्मा, कैलाश बरमेचा, अरुण अग्रवाल, चुन्नीलाल, भीम जैन ने किया, जिनके साथ-साथ श्रीकुमार नायर, गोविंद राज नायडू, राजा देवांगन, राज गुप्ता, जय देवांगन, दीपक चंद्राकर, पवन बड़जात्या, निर्मल बोथरा, ताराचंद काकरिया, नथमल भंडारी, दिनेश भाई शाह, नेमीचंद भंडारी, हरीश श्रीश्रीमाल, आकाश जैन, गौतमचंद बोथरा, प्रणय संचेती सहित समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 किया गया जारी

# नशा के खिलाफ चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह के रोकथाम एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम व रैलियों का आयोजन किया गया।

- जागरुकता कार्यक्रम व रैलियों का किया गया आयोजन

जिसके अंतर्गत पाटन विकासखण्ड के ग्राम छाटा और दुर्ग विकासखण्ड के ग्राम नगपुरा में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीणों को



महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में पदस्थ सीता कनौजे एवं चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 से आशीष साहू, भारती चौबे, सविता साहू, सखि वन स्टाप 181 से असंति साहू, हिना द्वारा भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, महिला उत्पीड़न, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी गई।

### बाल विवाह प्रतिषेध के बारे में बताए गए

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। अगर कोई 21 वर्ष से कम आयु के लड़के 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता या कराता है तो उसे दो वर्ष तक के कठोर कारवास अथवा जुर्माना जो कि एक लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित अथवा जानबुझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह को विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं।

## हिंदूवादी संगठन ने दी श्रद्धांजलि बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहीद भगत सिंह चौक दुर्ग में कश्मीर के आतंकवादी घटना से खौल रहे हिंदू समाज ने आज अश्रु पूरित श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन मनोज ठाकरे प्रदेश अध्यक्ष सनातन संघ ने किया। कार्यक्रम में भारतीय सनातन संघ रक्षा मंच आर्य वीर दल, सेल्यूट तिरंगा संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपनी जोशीली कविता आतंक विषधर है खड़ा फन कुचलना चाहिए पढ़कर जोश भरा। उन्होंने कहा-कश्मीर में की गई हत्या



हिंदुओं की हत्या नहीं है यह मानवता की हत्या है। पूरा देश उबल रहा है। आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग के प्रधान संजय आर्य मंत्री मनोज आर्य कोषाध्यक्ष कृष्णमूर्ति आर्य वैदिक विद्वान डॉ अजय आर्य, आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 के पुरोहित आचार्य अंकित शर्मा, संजय साहू, भारतीय युवा वाहिनी के अध्यक्ष, डॉ निर्मला गुप्ता सैल्यूट तिरंगा संगठन आर्य वीर दल संभाग संचालक इंद्र कुमार आर्य, जिला मंत्री हिमांशु आर्य, आर्य वीरांगना दल जिला संचालिका साक्षी आर्या जिला मंत्री कविता आर्या, अंकित आर्य तुषार आर्य, आयुष आर्य, सनातन महासंघ प्रांतीय अध्यक्ष मनोज ठाकरे किशोर कन्नौजिया, बजरंग दल से विभाग संयोजक रामलोचन तिवारी ,जिला संयोजक सौरभ देवांगन, महेश नायडू, भावेश चावड़ा आदि शामिल हुए।



लाइव इवेंट

## 28 अप्रैल को कला मंदिर में होगा सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों एवं महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में हुई। बैठक में 28 अप्रैल को कला मंदिर में आयोजित होने जा रहे छत्तीसगढ़ सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। साथ ही नए सदस्यों को सदस्यता हेतु नियुक्तिपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य जन-जन तक पहुंचे इसी बात को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकाय एवं पंचायती जन- प्रतिनिधियों से परिचयात्मक संपर्क की दृष्टि से सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी को और आगे बढ़ाते हुए राज्य के जनमानस को किसानों, अधिकारियों-कर्मचारियों, व्यापारीवर्ग, कला-साहित्य, डॉक्टर्स, इंजीनियर, एडवोकेट एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी संस्था से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सुमन देवांगन के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता और संगठन में उनके योगदान की सराहना की। बैठक में संतकुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, ब्रह्म देव पटेल, डॉ. डीपी देशमुख, चंदूलाल मरकाम, जीवन सिन्हा, लखनलाल साहू आदि मौजूद थे। बैठक के अंत में आतंकवादियों द्वारा कश्मीर के पहलगाम हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सिटी इवेंट

## चेंबर के प्रतिनिधियों ने की कलेक्टर से मुलाकात, व्यापारिक गतिविधियों की दी जानकारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। उन्होंने जिले की व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी दी। नव निर्वाचित पदाधिकारी में महामंत्री अजय भसीन ने अन्य पदाधिकारीयो का परिचय कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी व प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा, भिलाई के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल व प्रदेश मंत्री मनोहर कृष्णानी व्यापारियों की हर गतिविधि का नेतृत्व करेंगे। चेम्बर ने गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड काल मे चेम्बर द्वारा मानव सेवा के कार्य किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन के कार्यो में चेम्बर की भूमिका हमेशा सहयोगी के रूप में रही है। इस अवसर पर सुनील मिश्रा, कुलदीप सिंह, विकास पांचाल, विनय टोनी खंडेलवाल, सरमद इमाम, सुभाष साहू, शिवराज शर्मा व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। विनय खंडेलवाल ने बताया कि कलेक्टर से चर्चा काफी सार्थक रही। उन्होंने व्यापारियों को हितों में हर संभव कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान मार्केट की ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर अन्य सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

सिटी इवेंट

## सेन भवन शक्ति नगर दुर्ग में मनाई सेनजी महाराज की 725 वीं जयंती



**दुर्ग।** संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 725 वीं जयंती शुक्रवार को सेन भवन शक्ति नगर दुर्ग में उत्साह के साथ मनाई गई। सेन भवन परिसर में स्थित सेनजी महाराज के मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती की गई। कुल देवता हनुमानजी और माता नारायणी की प्रतिमा पर पुष्प आर्पित कर पूजा की गई। भगवन शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज के संरक्षक विमल सेन ने संत शिरोमणि सेनजी महारज के जीवन दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समाज को उनके बताए मार्ग पर चल एकजुट होकर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन ने सेनजी महाराज के बारे जानकारी देते हुए सेन समाज की उन्नति की कामना की। जिला सेन समाज के अध्यक्ष भीखम सेन और सेलून महासंघ के जिला अध्यक्ष संतोष सेन ने भी अपने विचार रखे। समाज को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और सभी से सहयोग की अपील की। जिला युवा सेन समाज के अध्यक्ष आकाश सेन ने भी अपने विचार रखे और समाज के युवाओं को एकजुट करने के लिए लगातार प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर सुरूचि उमरे, रितेश सेन समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत प्रसाद का वितरण किया गया।

### जगह-जगह निकली आक्रोश रैली, दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज का मौन जुलूस, आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे, पुतला फूंका, तकरीर में दहशदगर्दी की निंदा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में सैलानियों की हत्या मामले में लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को पूरे दिन सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, चिकित्सकीय संगठनों ने घटना की निंदा की। कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुस्लिम समाज ने दुर्ग-भिलाई दोनों ही जगहों पर जुमे की नमाज के बाद मौन जुलूस निकाला। घटना की निंदा करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। इतना ही नहीं आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए हिंदू-मुस्लिम बंद करने की अपील की। इसके अलावा रिसाली, भिलाई, दुर्ग सहित अन्य जगहों पर घटना को लेकर लोगों रोष दिखा। शाम के समय सिविक सेंटर में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। घटना की निंदा की गई।




### छत्तीसगढ़ राज ठेठवार समाज ने किया पुतला दहन, कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि

यादव ठेठवार समाज ने रिसाली चौक में घटना को लेकर कैंडल मार्च निकाला। इससे पहले आतंकवादियों द्वारा हिन्दुओं पर की गई बर्बरता के विरोध में पुतला फूंका गया। सेक्टर 6 सिविक सेंटर में प्रदर्शन हुए। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र यदु, बिरेन्द्र यदु, उमा शंकर यदु, खेम सिंह यादव, बीपी यादव, सत्येंद्र यादव, राजू यादव, जयेंद्र यादव, शिव यादव, प्रमोद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### निर्दोष नागरिकों की हत्या पर आतंकवाद और पाकिस्तान के विरोध में निकाली रैली




**दुर्ग।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटक आम नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा हमला कर हत्या करने पर आज दुर्ग मुस्लिम समाज ने जुम्मे की नमाज के बाद पुराना बस स्टैंड से कलेक्टर तक रैली निकाल कर आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर कड़ा विरोध किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि यह आम नागरिकों पर इंसानियत पर देश की शांति एकता पर भी हमला है। कश्मीर में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ने से वहां के लोगों का विकास हो रहा था। लोगो को रोजगार मिल रहा था। पाकिस्तान कभी नहीं चाहता कि कश्मीर में विकास हो वो चाहता है कि वहां बेरोजगारी रहे और आतंकवाद को बढ़ावा मिले। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंप कर पाकिस्तान के इस कायराना हमले का बड़ा जवाब देने की मांग की है। रैली में रायपुर नाका मस्जिद मुतवल्ली जमाल खान, जामा मस्जिद मुतवल्ली रिजवान खान, तकिया पारा मस्जिद मुतवल्ली शरीफ खान, तितुरडीह मस्जिद मुतवल्ली आरिफ खान, नासिर खोखर, कय्यूम चौहान, आसिफ खान, हमीद खोखर, अयूब खान, जाकिर खोखर, रहुफ खान, आमिर तिगाला , शेख शकील, आरिफ तिगाला, हाजी हबीब भाई, साबिर गहलोत सहित अन्य सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

### आम आदमी पार्टी ने आतंकी हमले की निंदा की



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में मरने वालों को आम आदमी पार्टी ने शहीद बताया। आप ने सिविक सेंटर और सुपेला घड़ी चौक में शोक सभा की। साथ ही विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। शोक सभा का समन्वय आम आदमी पार्टी के भिलाई विधानसभा के युवा नेता शिव कुमार रायडू ने किया। मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सतीश साहू ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे देश की एकता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करती है। ज्ञान प्रकाश तिवारी एवं रजत पांडे ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों को तुरंत पहचान कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में देविंदर सिंह भाटिया, रंजीत प्रजापति, रजत पांडेय, शंकर राव, राहुल साहू, शिवम जनत सहित अन्य मौजूद थे।



### सर्व ब्राह्मण समाज ने आतंकवाद का फूंका पुतला

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच दुर्ग-भिलाई ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारत सरकार के द्वारा लिए पांच बड़े फैसले लेकर स्वागत करते हुए कहा कि आतंकवाद को आश्रय देने वाले देश और संगठनों पर प्रतिबंध लगाते हुए कठोर से कठोर कार्यवाही करें। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी, डॉ. विश्वनाथ पाणीग्रही युवा मंच के शहर संयोजक शुभम दुबे शहर सचिव मुकेश तिवारी, लखन लाल शर्मा, अजय शर्मा, चन्द्रशेखर पाण्डेय, डॉ. गोविन्द दीक्षित, कमलनारायण शर्मा, प्रदीप पाण्डेय, सुमीत शर्मा, ज्ञानेश्वर मिश्रा, कमलेश तिवारी, सतीश शर्मा, शिवाकांत तिवारी आदि मौजूद थे।






सतनामी समाज ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा अल मदद एजुकेशन और वेलफेयर सोसाइटी ने भी घटना की निंदा करते हुए मरने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश के आमजनों में रोष व्याप्त है। इसे लेकर शहर के अन्य सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, शैक्षणिक संस्थाओं ने भी कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### मस्जिदों से उठी आतंकवाद के खिलाफ आवाज

जुमे की नमाज के बाद आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील की गई। सभी मस्जिदों में अमन व सलामती की दुआएं मांगी गई। इस्पात नगरी भिलाई की सभी मस्जिदों में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरुद्ध एकजुटता और भाईचारे की अपील की गई। शुक्रवार की दोपहर जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों में इमामों ने अपनी तकरीर में दहशतगर्दी की निंदा करते हुए मुल्क में अमन व भाईचारा कायम रखने की दुआएं की। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद शहर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच शुक्रवार की नमाज के बाद मस्जिदों में भी इस हमले के खिलाफ ऐलान हुआ। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम-खतीब मौलाना इकबाल अंजुम हैदर ने कहा कि यह हमला सीधे-सीधे इंसानियत के खिलाफ जंग है और इसके जिम्मेदार लोगों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए।

### शहीद चौक दुर्ग में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



शहीद भगत सिंह चौक दुर्ग में कश्मीर के आतंकवादी घटना से व्यथित लोगों ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन मनोज ठाकरे अध्यक्ष सनातन संघ ने किया। कार्यक्रम में भारतीय सनातन संघ, रक्षा मंच, आर्य वीर दल, सेल्यूट तिरंगा संगठन, राष्ट्रीय युवा वाहिनी के सदस्य मौजूद थे।

### 100 फीट के कैनवास में कलाकारों और आम लोगों ने आतंकवाद को बताया देश के लिए नासूर

# ट्विनसिटी के कलाकारों ने कैनवास पर उकेरी अपनी भावनाएं,पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

कार्नर न्यूज

भिलाई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भिलाई, खैरागढ़, दुर्ग, रायपुर के सभी नामचीन कलाकारों ने एकत्रित होकर विशाल पेन्टिंग का निर्माण किया। सिविक सेंटर के कृष्ण-अर्जुन रथ परिसर मे 100 फीट लंबे कैनवास पर कलाकारों ने अपनी भावनाओं का प्रदर्शन करके दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या मे आम जनता तथा कलाकार एकत्रित थे, जिन्होंने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया। कलाकारों में प्रमुख रूप से बीएल सोनी, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, लल्लेश्वरी साहू, अभिषेक सपन, प्रवीण कालमेघ, इंद्रजीत सिंह, विजय शर्मा, तरुण धोटे, प्रशांत क्षीरसागर, अशोक देवांगन, पुनिता सिंह पटेल, पीएल जेना, जीवन ज्योति, सरिता श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंकुश देवांगन उपस्थित थे। कलाकारों ने पेन्टिंग बनाने के बाद कैंडल जलाकर मृतकों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा




### पेंटिंग के माध्यम से भारत माता के संहार को किया प्रदर्शित

बीएल सोनी ने अपने पेन्टिंग में भारत माता के संहारक दृश्य का प्रगटीकरण किया है, जिसके पास दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या और देशभक्तों की ताकत है। रोहिणी पाटणकर ने कश्मीर की मनोहारी वादियों को बदसूरती में बदलने का इल्जाम दहशतगर्दों पर लगाया। मोहन बराल ने ताबूतों की श्रृंखला में दीप प्रज्वलित करके अपने श्रद्धांजलि का इजहार किया तो ब्रजेश तिवारी ने कश्मीर के नक्शे को ही आतंक का चेहरा बना दिया। सरिता श्रीवास्तव ने सुहाग के उजड़ने का दर्दनाक चित्रण करते हुए समाज से प्रश्न किया है कि उस महिला की क्या गलती थी, जिसकी एक सप्ताह में मांग उजड़ गयी। सरदार इंद्रजीत सिंह और प्रवीण कालमेघ ने मुंह छुपाकर आतंक फैलाने वालों को इंसानियत का दुश्मन निरूपित किया है।

### आतंकवाद के खिलाफ पेंटिंग बनाकर इसे बताया देश के लिए नासूर








पीएल जेना और जीवन ज्योति ने ऐसे तत्वों को नेस्तनाबूद करने की मांग की है। प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने भी अपनी तूलिका से चिरपरिचित शैली में आतंकवाद के खिलाफ पेन्टिंग बनाकर इसे नासूर करार दिया। अंकुश देवांगन ने बदहवास बैठी महिला का हूबहू चित्रण करके जनमानस को झकझोर दिया। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे इस दौरान भावना अपने पूरे चरम पर था और लोगो में आक्रोश था। सबकी मांग थी कि पाकिस्तान को कड़ी सबक सिखाई जाए तथा पीओके को वापस भारत में मिलाकर ऐतिहासिक भूल को सुधारा जाए। तभी उसके नापाक मंसूबे फेल होंगे वरना वह ऐसी हरकते करता रहेगा।

## सिटी इवेंट

# कानून में हुए बदलाव की जानकारी देने कंट्रोल रूम में 5 दिवसीय कार्यशाला



**भिलाई।** जिले के विवेचना अधिकारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण। आईओ मितान एवं ई-साक्ष्य मोबाईल एप्लिकेशन का उपयोग किए जाने के लिए निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार पुलिस कण्ट्रोल रूम आयोजित कार्यशाला की शुक्रवार को शुरुआत हुई। कार्यशाला का आयोजन 29 अप्रैल तक किया जाएगा। इसमें आईओ मिताप एवं ई-साक्ष्य के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला के दौरान जिले के विवेचना अधिकारियों को आईओ मितान मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर घटना स्थल की भौगोलिक स्थिति, गिरफ्तार आरोपी का फोटो, गुम इंसान एवं अज्ञात शव का फोटो अपलोड करने एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड सर्च किए जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन नवीन कानूनों में अपराधिक प्रकरणों में साक्ष्य एकत्रित किए जाने के प्रावधान को दृष्टिगत रखते हुए ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से घटना स्थल की वीडियो एवं फोटोग्राफी करने, जब्ती एवं तलाशी, मेमोरण्डम एवं बयान की रिकार्डिंग किए जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रकरण से संबंधित साक्ष्यों को सीधे संबंधित न्यायालयों में भेजा जा सकता है ।

## इवेंट लाइव

# यादों की महफिल संगीत संध्या कल, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**दुर्ग।** संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम का आयोजन 27 अप्रैल को शाम 7 बजे लक्ष्मीबाई चौक केलाबाड़ी में किया जाएगा। यादों की महफिल संगीत संध्या में शहर के प्रख्यात गायक-गायिकाओं के शानदार प्रस्तुतियों एवं नृत्यनाट्य की महफिल सजेगी। यह कार्यक्रम सुरों, यादों और भावनाओं को समर्पित एक सांस्कृतिक संध्या होगी। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयभान पटवा सेवानिवृत्त जिला पंजीयक करेंगे। विशेष रूप से सचिन अवस्थी क्षेत्रीय प्रमुख जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक, रूबीना हमीद खोखर पार्षद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सैय्यद शाकिर अली और सुरेन्द्र पाटले करेंगे। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक हमीद खोखर, अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा, बाबा खान, आलोक नारंग, कुमार इक़बाल, परवीन खान प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी बरमेचा ने दी।



## सिटी इवेंट

# कश्मीरी पर्यटकों पर आतंकी हमला निंदनीय कृत्य : मेश्राम



**भिलाई।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संगठन सचिव अनिल मेश्राम ने जम्मू-कश्मीर के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने गये लगभग 28 पर्यटकों की आतंकवादियो द्वारा हत्या कर दिये जाने की निर्मम घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घिनौनी हरकत करार दिया है। यह एक सुनियोजित साजिश है। उन्होंने कहा कि भारत के श्रीनगर और जम्मू-कश्मीर जिसे जन्नत का दर्जा दिया जाता है। देश के सभी राज्यों के अनेक लोग पर्यटन पर इन वादियों व घाटियों का नजारा देखने जाते हैं। लाखों करोड़ों का पर्यटन उद्योग संचालित होता है, इससे व्यापारियों व उनके परिवारों का लालन-पालन होता है। इस व्यवस्था पर प्रहार कर भारत के पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र आतंकवादियों और पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा किया जा रहा है, जो इनकी घृणित सोच को उजागर करता है। उन्होने इस आतंकी हमले के दौरान अनेक पर्यटकों की मदद कर उनके प्राणों की रक्षा करने वाले कश्मीर के मुस्लिम भइयों और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सिटी इवेंट

# भाषण स्पर्धा में प्रिंस यादव को मिला प्रथम पुरस्कार, हुए सम्मानित



**भिलाई।** जिले के लीड कॉलेज विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय को लेकर भाषण, नारा लेखन, पोस्टर निर्माण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय से भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस यादव बीएससी, नारा या स्लोगन प्रतियोगिता में नीतू निषाद बीकॉम, निबंध में रूपेश यादव बीए, पोस्टर निर्माण में लक्ष्मी साहू बीए ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। प्रिंस यादव ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रिंस ने अपने भाषण में देश एवं राज्य के युवाओं में नशा के बढ़ते चलन के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिन युवाओं के कंधे पर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने जिम्मेदारी है। वे ही नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य नष्ट कर रहे हैं। एक युवा का भविष्य पूरे देश का भविष्य होता है। यदि वे ही पथ भ्रष्ट हो जाएंगे तो देश 2047 तक भारत को विक्सित राष्ट्र बनाने का सपना कैसे पूरा होगा? आयोजक महाविद्यालय साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने प्रिंस को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जामुल के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने प्रिंस की प्रशंसा करते हुए उसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## दार्शनिक प्रवचन का चौथा दिन : उमरपोटी में प्रचारिका श्रीश्वरी करा रहीं आध्यात्मिक प्रवचन का रसपान

# भगवत्कृपा से ही जाना जा सकता है भगवान को और यह शरणागत से ही संभव : श्रीश्वरी

*उमरपोटी में आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रवचन जारी है। शुक्रवार को प्रवचन का चौथी दिन रहा। प्रवचन में पंचम मूल जगद्गुरु भक्तियोग रसावतार 1008 कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने बताया कि भगवान को भगवत्कृपा द्वारा ही जाना जा सकता है, और भगवत्कृपा शरणागति द्वारा ही मिलेगी। उन्होंने वेदों का उदाहरण देते हुए कहा कि जो यह समझता है कि ईश्वर समझने का विषय है वह नासमझ है। भगवान इंद्रिय, मन, बुद्धि से परे है। हमारी इंद्रिय, मन, बुद्धि मायिक है, मटेरियल है, किंतु भगवान दिव्य है, इसलिए हमारी मायिक इंद्रिय, मन, बुद्धि भगवान को ग्रहण नहीं कर सकती।*



**भिलाई।** महानतम बुद्धिमानों की बुद्धि से भी भगवान को हमारी मायीक इंद्रिय, मन, बुद्धि से नहीं जाना जा सकता, अपितु जिस बड़भागी जीव पर भगवान कृपा कर दें और अपनी दिव्य शक्ति प्रदान कर दे वही भाग्यशाली जीव इस अज्ञेय भगवान को पूर्णतया जान लेता है। इस अदृश्य ईश्वर का पूर्णतया दर्शन कर लेता है किंतु भगवान की यह कृपा भी कोई आकस्मिक घटना नहीं है कि एक पर कृपा हो जाये और दूसरे पर ना हो। अपितु ये कृपा भी किसी आधार पर आधारित है वह किसी कारण की अपेक्षा रखती है, वह कारण क्या है जिसके पूर्ण करने पर भगवान की कृपा (भगवत्कृपा) होती है। इस प्रश्न के उत्तर में वेद गीता, भागवत, रामायण के साथ–साथ अन्य धर्मग्रंथों तथा बाइबिल, कुरानशरीफ, गुरुग्रंथ साहिब इत्यादि से प्रमाण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवान शरणागत पर ही कृपा करते हैं, अर्थात हमें भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए भगवान की शरण मे जाना होगा। शेष पांचवे दिन के प्रवचन में बताया जायेगा।



### प्रवचन के बीच लगे जयकारे, भजन में झूमे भक्त

इस अवसर पर प्रवचन के दौरान कई बार जयकारे लगे। भजन में भक्त झूमते नजर आए। प्रचारिका श्रीश्वरी ने वेदों में लिखी बातों को वर्तमान परिवेश के अनुरूप बताने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, संत यह कहे कि वह ईश्वर को समझ चुका है, वह गलत है। ईश्वर को समझना संभव नहीं है। ऐसा कहने वाला नासमझ है। भगवान उन पर कृपा करते हैं, जो उनके पास पूरी निष्ठा और बिना किसी द्वेष, लालच के पहुंचता है अर्थात शरणागत होता है। भगवान बहुत दयालु हैं, जो हर किसी के प्रेम को पसंद करते हैं, उनकी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं।



### प्रवचन की 22 अप्रैल से शुरुआत 5 मई तक आयोजन

उमरपोटी में आयोजित यह आध्यात्मिक प्रवचन 22 अप्रैल को शुरू हुआ। पहले दिन नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकली। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद आध्यात्मिक प्रवचन की शुरुआत हुई। प्रतिदिन शाम 6 से रात 8 बजे के मध्य प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। 5 मई को प्रवचन का समापन होना है। आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्त प्रवचन सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन विशेष रूप से प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रचारिका श्रीश्वरी का दर्शन लाभ लेने के लिए भी लोग पहुंच रहे हैं।

## सुरक्षा उपायों की ली जानकारी

# एडवेंचर हाईक के साथ प्राकृतिक अध्ययन के लिए स्काउट-गाइड की टीम ने किया जलकी का दौरा



**भिलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग से वित्तीय अनुदान और अनुमोदन के बाद राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन किया गया। महासमुंद जिले के जलकी सिरपुर से गाइड कैप्टन, रेजर लीडर प्रतिभागी, कल्पना शुक्ला सेजस सेलूद, एशुमीन बंजारे जुनवानी, शशिकला पाण्डे कुरूद भिलाई, पार्वती साहू, पूजा गोस्वामी दुर्ग पब्लिक स्कूल, मृदुला शरण सुपेला, अन्नपूर्णा रामटेके अहिल्या ओपन टीम आदि शामिल हुए। इस दौरान प्राकृतिक आपदाओं से निपटने से जुड़े सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। योग अभ्यास के साथ शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक देशमुख, मुख्य आयुक्त जीत यादव, शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, प्रभारी अधिकारी तनवीर अकील, वर्षा ठाकुर, हेमा चंद्रवंशी, सरस्वती गिरिया, बालक दास राऊत आदि मौजूद थे।

### नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग के लिए अधिवक्ता ऋषिकांत का टीम लीडर



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा आयोजित हिमांचल राज्य में आयोजित नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग कैम्प के लिए अधिवक्ता ऋषिकांत तिवारी का टीम लीडर के रूप में चयन किया गया है। तिवारी को इस कैम्प लीडर के रूप में उक्त ट्रेकिंग कैम्प में देश के सभी राज्यों से भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मार्गदर्शन व प्रशिक्षण प्रदान करना है। 1 मई को कुल्लू से 3 किमी दूर बेस कैम्प सेवबाग में अपनी रिपोर्टिंग देंगे। इस कैम्प लीडर के रूप में ऋषिकान्त तिवारी समुद्र तल से लगभग 11000 फीट से 13000 फीट की ऊंचाईयों पर हिमालय के पर्वतों में कम से कम 21 दिन तक कैम्प लीडर के रूप में अपने साहसिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके अंतर्गत चन्द्रखानी पास-2025 में देश के लगभग 500 प्रतिभागी (ट्रेकर) ट्रेकिंग गतिविधि में भाग लेंगे। इसके लिए प्रतिभागियों का 15 ग्रुप बनाया गया है। सेवबाग बेस कैम्प से ट्रेकिंग करते हुए सोला टंकी, मौन्टी नाग, उबला टांच, योहरा माला, नया टपरू, नग्गर एवं श्मसू गांव जैसे देवभूमि के हिम शिखरों व वादियों में चढ़ाई करते हुए अपनी ट्रैकिंग करेंगे। बिजली महादेव व देश का एकमात्र गांव मलाना जहां आज भी देश का कानून नहीं चलता है। इसमें से सोला टंकी 7930 फीट, मौन्टी नाग 9187 फीट, उबला टांच 9793 फीट, दोहरा नाला 10692 फीट एवं नया टपस 9970 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस ट्रेकिंग में चन्द्रखानी पास जिसकी समुद्र तल से ऊंचाई 12190 फीट है, वहां तक पहुंचा जाएगा।

## 100 से ज्यादा छात्र हुए शामिल

# स्टूडेंट्स को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने प्लेसमेंट कैंप



**दुर्ग।** बीएम कॉलेज कोलिहापुरी में विद्यार्थियों के करियर और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय प्लेसमेंट सेल द्वारा ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय डायरेक्टर भानुमति साव, मुकुंद लाल साव, प्राचार्य द्वारा भारतीय संस्कृति की परंपरा अनुसार मां सरस्वती के छवि के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। ड्राइव में विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण शामिल हुए। इसमें जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए बीएड एवं डीएडप्रशिक्षणार्थी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। शाला प्रतिनिधियों ने छात्रों का व्यक्तिगत इंटरव्यू लेकर उनकी क्षमता, कौशल और अनुभव का मूल्यांकन किया। इस ड्राइव का मुख्य उद्देश्य बीएड एवं डीएलएड डिग्रीधारक प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्रदान करना था। कॉलेज डायरेक्टर ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। हम आगे भी ऐसा प्रयास करते रहेंगे ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण अवसर प्रदान मिलता रहे। अंतिम में ओमप्रकाश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। प्लेसमेंट ड्राइव आयोजन कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर 100 से ज्यादा छात्रों को गाइडेंस दिया गया।

### मलेरिया दिवस पर निकाली जागरूकता रैली



**भिलाई।** शहर में मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस पर यह आयोजन किया गया। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देशन में जोन -1, वार्ड -5 कोसानगर अंतर्गत रैश्ने आवास श्रमिक बस्ती में आम नागरिकों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। मलेरिया मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया गया। बताया गया कि ठहरे हुए पानी में ही ऐसे मच्छर पनपते हैं।र मेलाथियान, जला हुआ तेल डालने की जरूरत है। परेशानी होने पर टोल फ्री नंबर निदान 1100 पर कॉल कर सकते हैं। इस अवसर पर मितानिन पूनम कश्यप, माया दामले, संगीता घरडे, अल्का वासनिक सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विवि का हरनाबांधा में अनोखा आयोजन

# मुक्तिधाम में जीवन यात्रा की आध्यात्मिक प्रदर्शनी जीवन चक्रिय नियमों की दी जा रही जानकारी

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आनंद सरोवर बघेरा ने एक अनोखा अभियान शुरू किया है। इसके तहत मुक्तिधाम में जीवन-मृत्यु के नियमों के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में एक दिवसीय जीवन यात्रा आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस चित्र प्रदर्शनी में मृत्यु वास्तव में क्या है ? मृत्यु के बाद क्या ? जीवन चक्रिय नियम क्या है, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। इस आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के विषय में जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने बताया वास्तव में जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु है।



### मृत्यु जीवन का अंत नहीं, अपितु एक नए जीवन की शुरुआत

चैतन्य प्रभा ने इस प्रदर्शनी में समझाया गया है कि मृत्यु वास्तव में जीवन का अंत नहीं परंतु एक नए जीवन की शुरुआत है। जन्म-मृत्यु के जीवन चक्र में जब मनुष्य शरीर जीवन उपयोगी नहीं रहता, तब शरीर को चलने वाली चैतन्य शक्ति जीवात्मा नूतन शरीर के लिए पुनर्जन्म लेती है। जिस प्रकार गेस्ट हाउस को कुछ समय के अंतराल में छोड़ना पड़ता है। जिस प्रकार पंछी अपने पुराने घोसले को छोड़ नए घोसले में रहते हैं। उसी प्रकार अजर, अमर,अविनाशी मनुष्य आत्मा शरीर बदलते रहती है।यह चित्र प्रदर्शनी लगाने का उद्देश्य सर्व मनुष्य आत्माओं में मृत्यु के प्रति जो अवधारणा है।

### जीवन मूल्यवान, जिसके पीछे दुनिया भाग रही, वह सब छोड़ है जाना

इसके अलावा इस प्रदर्शनी में यह बताया गया कि कहा जाता है। मानव जीवन अत्यंत ही मूल्यवान है, किंतु विडंबना यह है जो चीज छोड़कर जाना है। उसे इकट्ठा करने में सारी दुनिया लगी हुई है। जो चीज साथ में जाना है। उसके प्रति ना ही तो किसी का ध्यान है। ना ही उसके प्रति सजग है। जिंदगी में पुण्य कर्मों की कितनी कमाई की है, जो हमारे साथ जानी है। बाकी स्थूल धन संपत्ति वैभव तो यहीं छूट जाने है।

**मृत्यु को अच्छा बनाने के लिए ईश्वर को याद कर करें कर्म:** चैतन्य प्रभा ने कहा कि हर चीज का हिसाब रखो क्योंकि मृत्यु भगवान को हिसाब देने का पवित्र दिन है । मृत्यु को अच्छा बनाने के लिए ईश्वरी याद में रहकर हर कर्म करना जरूरी है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्रह्माकुमारी मालती बहन,रेणुका बहन,लीला बहन के अलावा jसंस्था के अनेक भाई बहनें इस आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी में अपनी सेवाएं देने के लिए उपस्थित हुए।

भिलाई बाजार



भिलाई शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
मो.: 8871250663

## सिटी स्पोर्ट्स

### वर्ल्ड टेबल टेनिस डे समारोह में वरिष्ठ खिलाड़ी हुए सम्मानित




**रायपुर।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ एवं राजधानी टेबल टेनिस संघ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 23 अप्रैल को सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में एक सादगीपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टेबल टेनिस के वरिष्ठ खिलाड़ियों का उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष श्री शरद शुक्ला जी ने किया तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी एवं कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं विनय बैसवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने किया।

वर्ल्ड टेबल टेनिस डे समारोह में वरिष्ठ खिलाड़ियों तरुण राठोड़, अजीत बेनर्जी, डॉ. ॠतु दुबे, राजशेखर शर्मा, डॉ. अविनाश इंगले एवं एसए अली को सम्मान पत्र के साथ श्रीफल शॉल देकर उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद घटना को दृष्टिगत रखते हुए समारोह को सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न किया गया। समारोह में अरविंद कुमार शर्मा, विमल नायर, पंकज शुक्ला, प्रणय मजुमदार, ईरा पंत, रेणुका सुब्बा, दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, अरुण बावरिया, हरीश पांडे, सुरेश सादीजा, एसव्ही पेंढारकर,विजय वैसवाड़े, विनोद पटेरिया, जेएम राठौड़, राकेश यादव, प्रिया चावड़ा, मो शफाक और एस वत्स, सहित संघ के अनेक पदाधिकारीगण, खिलाड़ीगण एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

### रग्बी चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम गुवाहाटी रवाना



**रायपुर।** रग्बी इण्डिया द्वारा सीनियर नेशनल रग्बी सेवेंस चैम्पियनशिप का आयोजन इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम गुवाहाटी, असम में 27 और 28 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन की पुरूष वर्ग की टीम भाग लेनें रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री और छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष केदार कश्यप ने टीम को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टीम में शामिल खिलाड़ियों में पुरूष वर्ग के खिलाडी ओम प्रकाश यादव, अनुज कुमार, हरि ओम (कोरबा), ॠत्विक श्रीवासत्व, मोहन तिवारी (कप्तान), जोन्टी एक्का (बिलासपुर), विजय कुमार, खेम सिंह (जगदलपुर), लिसांसु साहू, ओमकार निषाद (महासमुंद), जी.अविनाश, आफताब अली (रायपुर) कोच लोक सिंह दीवान और मैनेजर योगेश पटेल शामिल है।

### जिला स्तरीय अंडर-9 और 13 शतरंज आज से



**रायपुर।** रायपुर जिला शतरंज संघ और चेस शाला के संयुक्त तत्वाधान में आयु वर्ग 9 और 13 वर्ष तक के बालक बालिकाओ की शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन 26 और 27 अप्रैल को रायपुर स्थित रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में किया जा रहा। उक्त स्पर्धा में केवल जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में प्रत्येक आयु वर्ग के चयनित 2- 2 खिलाड़ी (2 बालक व 2 बालिका ) का चयन आगामी राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा जो की बेमेतरा में आयोजित है के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के संयोजक फीडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है तथा मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल ऑर्बिटर अनूप झा रहेंगे। सहयोगी हेमा नागेश्वर व प्राची यादव होंगे। स्पर्धा के लिए आयु वर्ग 9 में 1 जनवरी 2016 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते है। आयु वर्ग 13 में 1 जनवरी 2012 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता की जानकारी हेतु अनूप झा व रोहित यादव से संपर्क किया जा सकता है।

## गड़बड़ जीवनशैली और लगातार बैठे रहने की आदत के कारण बढ़ जाता है हाथ और पैरों में दर्द

# हाथ-पैर में दर्द से छुटकारा पाने योगासन का रोजमर्रा अभ्यास आपको दिलाएगा राहत



गलत लाइफस्टाइल और खान पान में पोषण की कमी के कारण लोग कई तरह की शारीरिक समस्याओं से पीड़ित हो जाते हैं। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में काम के चक्कर में लोगों को इधर-उधर भाग दौड़ करनी होती है। व्यस्त शेड्यूल की वजह से शरीर को आराम न मिल पाने पर व्यक्ति के पैरों पर दबाव पड़ता है और पैरों में दर्द की समस्या हो जाती है। गड़बड़ जीवनशैली और लगातार बैठे रहने की आदत के कारण हाथ और पैरों में दर्द बढ़ जाता है। लोग इस शारीरिक दर्द को दूर करने के लिए और हाथ पैर को आराम दिलाने के लिए मालिश करते हैं। मालिश से दर्द में त्वरित आराम तो मिल जाता है लेकिन दर्द लगातार लंबे समय तक बना रहता है। इसलिए शरीर दर्द से निजात के लिए स्थाई इलाज के तौर पर योग फायदेमंद है। योग विशेषज्ञ के मुताबिक, नियमित योगाभ्यास से हाथ पैर में दर्द की समस्या को कम किया जा सकता है। कुछ आसन ऐसे होते हैं, जो पैरों की मांसपेशियों को मजबूती देते हैं और हल्का महसूस कराने में मदद करते हैं। आगे की स्लाइड्स में जानिए हाथ पैर के दर्द से छुटकारा दिलाने वाले योगासन के बारे में।





### उत्तानासन

उत्तानासन योगाभ्यास से पैरों के दर्द और जकड़न की समस्या से निजात मिलता है। ये आसन कमर और रीढ़ के लिए भी फायदेमंद होता है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले पैरों को कूल्हे की चौड़ाई से अलग करते हुए घुटनों को सीधा रखें और आगे की ओर झुक कर पैरों के पिछले हिस्से को छूने की कोशिश करें।

### बालासन

बालासन को चाइल्ड पोज कहा जाता है। इस आसन के नियमित योगाभ्यास से पैरों के दर्द की समस्या को कम किया जा सकता है। चाइल्ड पोज को करने के लिए जमीन पर वज्रासन अवस्था में बैठ जाएं। अब सांस अंदर लेते हुए अपने दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर उठा लें। फिर सांस बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। हथेलियों और सिर को जमीन पर टिकाते हुए लंबी सांस अंदर लें और बाहर छोड़ें। अब अपनो दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में जोड़ें और सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रख लें। थोड़ी देर इसी अवस्था में रहें और फिर पुरानी स्थिति में आ जाएं।

### सेतुबंधासन

इस आसन को ब्रिज पोज योग भी कहते हैं। सेतुबंधासन पैरों और कमर दर्द से छुटकारा दिलाने में लाभदायक माना जाता है। इस आसन को करने से पैरों की मांसपेशियों में रक्त का संचार बढ़ता है। जिससे पैरों में होने वाला दर्द ठीक होने लगता है। सेतुबंधासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं। अब पैरों को कंधे की चौड़ाई से अलग करते हुए घुटनों को मोड़ लें। हथेलियों को खोले और हाथ बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा लें। सांस लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं और कंधे व सिर को सपाट जमीन पर टिका कर रखें। बाद में सांस छोड़ते हुए पुरानी स्थिति में आ जाएं।



### भुजंगासन

पैरों और शरीर दर्द से राहत दिलाने के लिए भुजंगासन लाभदायक है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर पेट के बल लेट जाएं। दोनों पैरों के बीच कम दूरी रखें और गहरी सांस लेते हुए कमर के ऊपरी भाग को ऊपर की तरफ उठाएं। इस दौरान कोहनी सीधी रखें और पैरों को मोड़ते समय ज्यादा खिंचाव न लाएं।

## फ्राइड फूड को क्रिस्पी बनाने के लिए अपनाएं छोटे-छोटे टिप्स

अक्सर ऐसा होता है कि हम अपने रोजमर्रा की दाल-रोटी व सब्जी से अलग कुछ टेस्टी व डिलिशियस खाना चाहते हैं। ऐसे में अक्सर हमारा मन फ्राइड फूड खाने का करता है। क्रिस्पी-क्रिस्पी फ्राइड फूड की बात ही कुछ और होती है। वह आपको एक अलग कंफर्ट का अहसास करवाते हैं।

### करें कोटिंग


फ्राइड फूड को एक्स्ट्रा क्रिस्पी बनाने का एक आसान तरीका होता है कि आप अपने खाने पर लाइट और क्रिस्पी कोटिंग करें। इसके लिए आप कॉर्नस्टार्च या ब्रेडक्रंब आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, इस कोटिंग से फूड और तेल के बीच में एक बैरियर बनता है। कोटिंग करने से फ्राइड फूड अंदर से सॉफ्ट रहता है, जबकि बाहर से यह एकदम क्रिस्पी हो जाता है।

### तेल का तापमान

फ्राइड फूड को हम गर्म तेल से में तलते हैं, लेकिन वह एकदम सही तरह से पक जाए और साथ ही साथ क्रिस्पी भी बने, इसके लिए जरूरी है कि आप पहले तेल के तापमान का भी ख्याल रखें। यदि तेल पर्याप्त गर्म नहीं होगा तो भोजन बहुत अधिक तेल सोख लेगा और वह क्रिस्पी होने की जगह ऑयली व सॉगी महसूस होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि तेल सही तापमान पर पहुंचे, आप डीप-फ्राई थर्मामीटर का उपयोग कर सकते हैं।

### एक साथ सारा खाना न तलें

कई बार हम जल्दबाजी में खाना बनाते हैं और ऐसे में पैन में एक साथ बहुत अधिक फूड डालकर




उसे फ्राई करते हैं। अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे आपका फूड कभी भी क्रिस्पी नहीं बन सकता। सबसे पहले तो बहुत अधिक फूड डालने से वह एकसमान रूप से पक नहीं पाता है। साथ ही साथ, इससे तेल का तापमान भी कम हो जाता है, जिससे आपका खाना सॉगी व ऑयली बनता है।

### करें डबल फ्राई

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपके बेहद काम आ सकता है। अगर आप सच में अपने फूड को ज्यादा क्रिस्पी बनाना चाहते हैं तो उसे दो बार तलें। पहले खाने को तलने के बाद उसे तेल से हटा दें और कुछ देर के लिए रेस्ट करने दें। इसके बाद आपको जब भी अपना फूड खाना हो तो तेल का तापमान थोड़ा अधिक रखें और फिर अपने फूड को फ्राई करें। डबल फ्राई करने से आपका खाना बाहर से बेहद ही क्रिस्पी और टेस्टी महसूस होता है।

## लड्डू गोपाल को न करें ऐसी तुलसी अर्पित



यह तो हम सभी को पता है कि लड्डू गोपाल यानी भगवान श्री कृष्ण को तुलसी पत्र कितना प्रिय है। ऐसे में क्या आपको पता है कि लड्डू गोपाल को तुलसी पत्र चढ़ाने का सही नियम क्या है। इसके बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। अनजाने में लोग लड्डू गोपाल को तुलसी पत्र अर्पित करते वक्त इन गलतियों को जरूर दोहराते हैं, जिससे उन्हें पूजा का पूरा फल नहीं मिल पाता है।

बहुत से लोग लड्डू गोपाल को तुलसी के पत्र टुकड़ों में तोड़ कर अर्पित करते हैं। बता दें कि लड्डू गोपाल को साबुत तुलसी पत्र अर्पित की जाती है। इसलिए कभी भी लड्डू गोपाल को तुलसी पत्र अर्पित करते वक्त उसे टुकड़ों में न तोड़ें। हमेशा तुलसी के ताजे पत्ते तोड़कर उसे लड्डू गोपाल के मस्तक पर चिपकाएं। लड्डू गोपाल को कभी भी बासी तुलसी के पत्र अर्पित न करें। लड्डू गोपाल (लड्डू गोपालपूजा विधि) को बासी तुलसी सिर्फ एकादशी और रविवार के अवसर पर ही आप लड्डू गोपाल को एक दिन पहले तोड़े हुए तुलसी के मंजरी और पत्र अर्पित करें। लड्डू गोपाल को कभी भी सूखी तुलसी या तुलसी को सुखाकर उसे चुरा बनाकर अर्पित न करें। बहुत से लोग तुलसी को सुखाकर रखते हैं और उसे अर्पित करते हैं। बता दें ऐसी तुलसी लड्डू गोपाल को नहीं चढ़ाना चाहिए। लड्डू गोपाल को हमेशा साफ और ताजी तुलसी के पत्ते अर्पित करें। लड्डू गोपाल को चढाई जाने वाली तुलसी कटे फटे न हो। अक्सर तुलसी के पौधे में कीड़े लग जाते हैं, जो पत्तों में छेद कर देते हैं, ऐसी तुलसी भी लड्डू गोपाल को अर्पित न करें। लड्डू गोपाल को चढ़ाने के लिए तुलसी के पत्र रविवार और एकादशी (एकादशीव्रत कथा) के दिन नहीं तोड़ना चाहिए इसलिए आप शनिवार और दशमी तिथि के दिन तुलसी पत्र तोड़कर रखें और दूसरे दिन अर्पित करें।



## प्यार और आकर्षण में कैसे करें अंतर संकेतों से जानें प्यार हैं या कुछ और

कई बार लड़का या लड़की एक दूसरे को देखकर पसंद करने लगते हैं। जिन्हें वो पसंद करते हैं, उन्हें जानना, दोस्ती करना चाहते हैं । कुछ मामलों में तो दोस्त इतना अधिक एक दूसरे को पसन्द करते हैं कि अपनी भावना को वह प्यार समझने लगते हैं।

दोस्ती को प्यार समझने की गलतफहमी अक्सर ही लोगों को हो जाती है, वहीं कई बार तो प्यार को महज दोस्ती का नाम देकर लोग कदम आगे नहीं बढ़ा पाते। दोनों ही मामलों में रिश्ता बिगड़ सकता है । आकर्षण को प्यार समझने की गलती करके आप प्रेम प्रस्ताव तो दे देते हैं लेकिन बाद में जब आपको महसूस होता है कि ये महज आकर्षण था, तब तक आप एक रिश्ते में आ चुके होते हैं और इससे निकलना थोड़ा मुश्किल हो सकता है । वक्त के साथ आकर्षण और लगाव खत्म हो जाता है। फिर रिश्ते को तोड़ने की नौबत आ जाती है। रिश्ते में आने से पहले या पार्टनर से प्यार का इजहार करने से पहले अपनी सही भावना का पता लगा लें, कुछ संकेतों से जान सकते हैं कि दोस्त से प्यार है या महज आकर्षण ।

### पहली नजर में प्यार

कई बार लोग पहली बार किसी को देखते हैं और उसे पसंद करने लगते हैं। उन्हें लगता है कि यह पहली नजर का प्यार है। इसे लव एट फर्स्ट साइट कहते हैं। हालांकि



अधिकतर मामलों में यह मिथ्या है। पहली नजर में प्यार नहीं सिर्फ आप सामने वाले के प्रति आकर्षित होते हैं। उनका आकर्षण उनके लुक्स तक सीमित होता है। भविष्य में उनके लुक्स में बदलाव होने पर प्यार खत्म हो जाता है। प्यार के लिए पार्टनर के व्यवहार, व्यक्तित्व के बारे में पता होना चाहिए।

### प्यार में परवाह

जब आप किसी से आकर्षित होते हैं तो उन्हें अपनी भावनाएं बताना चाहते हैं। उनके सामने खुद को साबित करना चाहते हैं। आप पार्टनर की परवाह करते हैं, ये दिखाते या जताते हैं। लेकिन जब आपको किसी से प्यार होता है तो आप उसकी परवाह असल में करते हैं। आपको इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि पार्टनर आपको आपकी परवाह दिखे।

### प्यार में दूरी

पार्टनर से प्यार होने पर उनसे दूरी के बाद भी प्यार बरकरार रहता है। भले ही पार्टनर आपके साथ रहना चाहते हों या नहीं लेकिन आप उनके लिए वही महसूस करते हैं जो उनके साथ होने पर महसूस करते हैं। साथी के प्रति आकर्षित होने पर आप उनके आसपास रहना चाहते हैं। आकर्षण लंबे समय तक नहीं रहता, इसलिए जब तक आपके मन में उनके लिए लगाव होता है, तब तक आप साथ रहना चाहते हैं।



कार्नर न्यूज

## क्या आप भी मोबाइल से थोड़े समय के लिए भी नहीं रह पाते हैं दूर?

# मोबाइल फोन पर हद से ज्यादा निर्भरता बढ़ रही तो संभलिए, कहीं आपको 'नोमोफोबिया' तो नहीं

मोबाइल फोन्स हम सभी के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। फोन कॉल्स से लेकर पेमेंट तक के लिए हम सभी मोबाइल फोन्स से जुड़े रहते हैं। पर कहीं आप मोबाइल पर इतने निर्भर तो नहीं हो गए हैं कि थोड़ी देर के लिए भी इससे दूर नहीं रह पाते हैं? मोबाइल फोन कनेक्टिविटी न होने पर एंग्जाइटी होने लगती है? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये नोमोफोबिया नामक समस्या का संकेत हो सकता है। नोमोफोबिया को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार के रूप में जाना जाता है। नोमोफोबिया- नो मोबाइल फोन फोबिया तब होता है जब कोई व्यक्ति मोबाइल फोन कनेक्टिविटी न होने के कारण डर या चिंता का अनुभव होने लगता है। इसमें उत्तेजना होने, सांस लेने में बदलाव और अन्य लक्षण भी हो सकते हैं। नोमोफोबिया की स्थिति आपके सोचने-समझने, परिस्थितियों को डील करने के तरीके भी प्रभावित करने वाली स्थिति मानी जाती है।



### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है ये विकार?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं चिंता-तनाव के अलावा नोमोफोबिया के कारण और भी कई प्रकार की दिक्कतें होने लगती हैं जिसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। फोन से थोड़े समय की दूरी के कारण भी शरीर में कंपन, पसीना आने, घबराहट की दिक्कत होने लगती है। कुछ स्थितियों में टैकीकार्डिया- दिल के धड़कनों में अनियमितता की समस्या भी हो सकती है। नोमोफोबिया की समस्या को भी कमोबेश उसी तरह का माना जा सकता है जैसे ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) रोगियों में देखी जाती रही है।

### नो मोबाइल फोन फोबिया की समस्या

मोबाइल फोन्स से जुड़े रहना हम सभी की जरूरत बन गई है लेकिन इससे कुछ समय के लिए भी दूर रहने पर भी यदि आप परेशान हो जाते हैं तो आपको सावधान हो जाने की आवश्यकता है। जर्नल ऑफ फैमिली मेडिसिन एंड प्राइमरी केयर में साल 2019 के एक लेख में उल्लेख किया गया कि नोमोफोबिया के पहले किसी व्यक्ति में कई संभावित मनोवैज्ञानिक स्थितियां जैसे चिंता और तनाव जैसे लक्षण हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि स्मार्टफोन्स आने के बाद से ये दिक्कत काफी बढ़ गई है?

### फोबिया का कारण?

मोबाइल फोन्स से दूरी में होने वाली घबराहट-चिंता की स्थिति क्यों होती है, इसके कारणों को समझने के कई अध्ययन किए गए। साल 2020 में अध्ययनों की समीक्षा में वैज्ञानिकों की टीम ने इसके कुछ संभावित कारणों के बारे में बताया। विशेषज्ञ कहते हैं, स्मार्टफोन से संबंधित कंपल्शन इस विकार को जन्म देने वाला एक कारण हो सकता है। इसके अलावा इंटरपर्सनल सेंसटिबिटी जिसमें व्यक्ति अन्य विचारों को दूसरों से साझा नहीं कर पाता है।

### नोमोफोबिया के लक्षण दिखें तो क्या करें?

चूंकि नोमोफोबिया आधिकारिक तौर पर कोई मानसिक विकार नहीं है इसलिए वर्तमान में इसका कोई उपचार भी मौजूद नहीं है। हालांकि कुछ प्रकार के थेरेपी और काउंसिलिंग की मदद से फोबिया को दूर करने और लक्षणों में सुधार करने में मदद मिल सकती है।



# धन में सुख तलाशना भूल भुलैया है, सुख का सागर तो धर्म में हिलोरे लेता है: महेंद्र सागर

## सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में एक दिवसीय व्याख्यान और धर्म चर्चा का हुआ सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

उपाध्याय प्रवर आध्यात्मयोगी महेंद्रसागर एवं आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर आदि का जामगांव आर में शुक्रवार को आगमन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में सुख साता पूर्वक विराजे, एक दिवसीय व्याख्यान एवं धर्म चर्चा का सफल आयोजन हुआ। 3 जैन साध्वियों ने भी व्याख्यान श्रवण का लाभ लिए। शीतल किंजल की तीन माह की बच्ची ने गुरु महाराज का प्रथम दर्शन किए आध्यात्म योगी महेंद्र सागर ने आशीर्वाद प्रदान किए। वहीं 1 घंटा ज्ञान चर्चा धर्म सभा आयोजित की गई। महेंद्र सागर, मनीष सागर, वर्धमान सागर, विनम्र सागर, हर्षवर्धन सागर, मैत्रीवर्धन सागर, जयवर्धन सागर, नयवर्धन सागर, आत्मवर्धन सागर, गुणवर्धन सागर, यशोवर्धन सागर, सागर, योगवर्धन सागर, धैर्यवर्धन सागर, भक्तिवर्धन सागर, हंसकीर्ति, जीतकीर्ति, जय कीर्ति का धर्म लाभ जैन श्री संघ जामगांव आर बटरेल मर्रा ने लिया।

### धर्म लोक परलोक साथ निभाती है

जैन संत महेंद्र सागर महाराज ने कहा कि धन में सुख तलाशना भूल भुलैया है सुख का सागर तो धर्म में हिलोरे लेती है। धर्म को जीवन का साथी बनाए ये लोक परलोक में साथ निभाती है मोक्ष का राह दिखाती है। मोक्ष पाना ही मुख्य मंजिल है भटकने से बचने संत समागम स्वाध्याय में रुचि बढ़ाए, जीवन का कल्याण करे जीवन को सार्थक बनाए। धर्म का मर्म समझे कर्म में धर्म को समाहित करे।



### धन से आत्मिक सुख नहीं, सुख का नाता तो धर्म से है

व्याख्यान पर धर्म की ज्ञान गंगा प्रवाहित करते हुए आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा जैन संत मनीष सागर जी महाराज ने कहा कि धन सुखी रहने के लिए कमाते है लेकिन अपनी आत्मा से पूछे क्या आप सुखी बन पाए है।संत श्री ने कहा कि सुख की राह धर्म दिखाती है सुखी होना है तो धर्म से दूर नहीं भागे और धार्मिक होने का दिखावा भी नहीं करे। धर्म को कर्म में पिरोए जीवन में वैचारिक सुख की गंगा बहने लगेगी।संत श्री ने कहा कि श्रावक श्राविका सन्तो को आहार दान देते और संत ज्ञान दान देकर भक्तों को जीवन जीने की राह दिखाते है कला सिखाते है। लेकिन विडंबना नजर आने लगी है कि धन में मस्त होकर धर्म को भूलने लगे है।दुष्परिणाम स्वरूप चहूं और अशांति का वातावरण नजर आने लगा है।पिता पुत्र भाई भाई पति पत्नी सहित रिश्तों में प्रेम के जगह कलह ने जगह बनाने लगा है। वहीं व्याख्यान में गौतमचंद चौरड़िया, कामता प्रसाद साहू, कोचर मर्रा, गोवर्धन चंद, लीला देवी, आशीष भारती, निपुण कोचर, सुरेश, सुशीला जैन, प्रेमचंद, सुनीता चौरड़िया, सुरेश चौरड़िया, लक्ष्मी, मनीष बैद, चंद्रकैलाश, ममता, प्रज्ञा, शीतल बैद, छाया चौरड़िया, आसकरण, निर्मला गोलछा सहित धर्म प्रेमियों ने लाभ लिए।

### क्रोध आने पर 50 रु दान करने का लिया संकल्प

आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा जैन संत मनीष सागर ने कहा कि क्रोध अग्नि से भी तेज जलाती है। क्रोध का मुख्य शिकार स्वयं क्रोधी को पहले होना पड़ता है। क्रोध में ज्ञान अंधा हो जाता है राक्षस प्रवृति तेज गति से समाहित होने लगती है और ऐसी घटनाओं को जन्म देती है जो केवल नुकसान दर नुकसान ही करती है। संत श्री ने क्रोध नहीं करने का संकल्प दिलाए और क्रोध आने पर प्रति क्रोध 50 रुपए का दान करने का मार्ग सुझाए। उपस्थित अनेकों धर्म प्रेमियों ने संकल्प लिए। क्रोध के चलते ही महाभारत की रचना हो गई और प्रेम भाव के चलते रामायण मर्यादा त्याग का पाठ पढ़ाती है। इच्छाओं का लिमिट क्रास होना या पूर्ति नहीं होने की स्थिति में क्रोध करने के बजाय विवेक जगाकर नियंत्रण पाए। क्रोध पर विजय पाए खुशहाल जीवन पाए।

## खबर संक्षेप

### आरुणी बने विधायक प्रतिनिधि

**धमधा।** स्थानीय नगर पंचायत साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राजनंदगांव जिला सह प्रभारी पूर्व पार्षद व पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आरुणी दानी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के पश्चात भाजपा धमधा मंडल युवा मोर्चा, महिला मोर्चा अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर की व मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस मौके पर आरुणी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सारे कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के मान सम्मान का ध्यान रखकर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। उनके सम्मान को ख़ुद का सम्मान बताया।



## निधन

### अर्जुन सिंह ताम्रकार

**धमधा।** धमधा निवासी अर्जुन सिंह ताम्रकार का निधन 25 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार तमेर पारा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे निर्मल, मुकेश ताम्रकार के बड़े भाई एवं अभिमन्यु, नरेश, सुकेन्द्र, मंगलेश के पिता और वर्तमान पार्षद वार्ड 13- कीर्ति देवी ताम्रकार की ससुर थे।



### सुशील कुमार देवांगन

**दुर्ग।** ओम नगर उरला निवासी सुशील देवांगन का निधन 25 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नरसिंग देवांगन के पुत्र, राम्हिन देवांगन के पति और कोमल व योगेश देवांगन के पिता थे।



### दीपक भाई सोलंकी

**भिलाई।** ईडब्ल्यूएस -334 वैशाली नगर, भिलाई निवासी दीपक भाई श्यामजी भाई सोलंकी उम्र 54 वर्ष का निधन 25 अप्रैल को हृदयाघात से हो गया। उनका पार्थिव शरीर का देहदान उनके परिवार ने नव दृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दान किया। दीपक भाई के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन उनके निवास पर किया गया।




### आम सूचना

इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (भावी क्रेता) हेमन्त चक्रधारी आ० श्री सुखलाल चक्रधारी निवासी वार्ड नं. 1, नदी रोड, नयापारा दुर्ग तह. व जिला - दुर्ग तथा भूमिस्वामी / विक्रेता राजकपूर गजभिये आ० श्री पृथ्वीराज गजभिये निवासी मकान कं. 624, वार्ड क्रं. 16, शास्त्री चौक, लोकेश किराना स्टोर्स के पास, राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के मध्य विक्रेता के स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की परिवर्तित आवासीय रिक्त भूमि जो ग्राम देवादा (समृद्धि परिसर फेस 02) प.ह.नं. 63 रा.नि.मं. टेडेसरा तह. व जिला राजनांदगांव में स्थित है जिसका खसरा क्रं. 56/45 (प्लाट क्रं. 40) रकबा 0.0090 हे. (25 फुट x 40 फुट = कुल 1000 वर्गफुट) लगान 550 रूपये ऋण पुस्तिका क्र. 2429718 है, के विक्रय के संबंध में मौखिक इकरारनामा दिनांक 18/04/2025 को निष्पादित हुआ है तथा इकरारनामा निष्पादन के पश्चात विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। उपरोक्त भूमि के उत्तर दिशा में प्लाट क्रं. 41, दक्षिण दिशा में प्लाट क्रं. 39, पूर्व दिशा में संस्था का रोड तथा पश्चिम में प्लाट क्रं. 19 स्थित है।

अतः सर्वसामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के आधिपत्य, स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक एवं संस्थान, साहूकार एवं अन्य किसी को भी कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। म्याद अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विक्रय संबंधित इकरारनामा अपने नाम पर निष्पादित करा लेगा तत्पश्चात की गई कोई भी आपत्ति विधि मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार के हित को प्रभावित नही करेगी।

अतः सूचना जाने।
स्थान:- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक:- 25/04/2025

(किशोर कुमार अग्रवाल)
सीनियर अधिवक्ता
दिगम्बर जैन मंदिर रोड
दुर्ग (छ.ग.) मो. 7389402741


## मामला धमधा क्षेत्र के ग्राम राजपुर का, प्रशासन ने नहीं की कोई सुनवाई

# अपने हक की मांग को लेकर प्रशासन के चक्कर काट रही हैं 14 महिलाएं

### महिला स्व सहायता समूह के 1 लाख 71 हजार रुपयों को सदस्य ने डकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकासखंड के ग्राम राजपुर में पिछले कई माह से जय मां सरस्वती स्व सहायता समूह जो कि महिला उत्थान के लिए लिए जाने वाला बैंक से लोन जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में लोन की राशि से किसी भी प्रकार का व्यापार, कार्य किया जा सके इस बात को लेकर शासन के नवा बिहान, ग्राम संगठन जैसे माध्यम से बैंक के द्वारा स्व सहायता समूह के नाम पर महिला सदस्यों को लोन दिया गया। जिस पर एक सदस्य मधु तिवारी पति संजय तिवारी निवासी ग्राम राजपुर के द्वारा समूह में पैसा उठाकर उस पैसे को बैंक में ना पटाने का काम किया जा रहा है। वहीं समूह की अन्य 14 महिलाएं जिनके सहमति पर मधु तिवारी को लोन दिया गया था उनको पैसे कहां से लौटाऊं मेरे पास नहीं है मैं बर्बाद हो चुकी हूं कह कर पैसे देने से पल्ला झाड़ लिया जा रहा है एवं विवाद किया जाता है और मारने की भी धमकी दी जाती है। वहीं समूह ने कुल 6 लाख का लोन धमधा स्थित बैंक से लिया जिसमें से ग्राम संगठन के द्वारा जय मां सरस्वती स्व सहायता समूह की महिलाओं को लोन उनके आवश्यकता के आधार पर दिया गया जिसका भुगतान लोन प्राप्तकर्ता महिलाओं के द्वारा समय-समय पर ब्याज सहित किया जाता है। लेकिन समूह की एक सदस्य मधु तिवारी के द्वारा 1 लाख 71 हजार रुपया लेकर भी पैसा वापस नहीं किया जा रहा है जिसके चलते समूह की सभी महिलाओं के ऊपर लोन की राशि और उसका ब्याज भरने की तलवार लटक रही है जिसकी शिकायत महिलाओं द्वारा जनपद पंचायत धमधा, धमधा थाना से किया गया अधिकारियों के चक्कर लगाकर महिलाओं के चप्पल घिस गए। बावजूद महिलाओं को आज तक न्याय नहीं मिला। अब महिलाएं दुर्ग कलेक्टर और जिला पुलिस कप्तान के पास जाने की बात कर रही है।




### महिलाओं के साथ हुई धोखाधड़ी के बाद कोई केस नहीं

धमधा थाना में इस मामले की शिकायत की गई जिसमें एक सदस्य के द्वारा पूरे 14 महिलाओं के पैसा न पटाने और लोन लेने जैसा झांसा देकर धोखाधड़ी किया गया बावजूद धमधा थाना प्रभारी युवराज साहू के द्वारा पीड़ित पक्ष को कोई भी केस नहीं बनता कह कर वापस भेज दिया जाता है। वहीं इस मामले में जिस महिला का शिकायत किया गया है उसका बयान तक नहीं लिया जाता है। 14 महिलाओं से पैसों की लेन देन में धोखाधड़ी और कोई भी केस न बनना समझ से परे हैं।

### आखिर प्रशासन मौन क्यों

तकरीबन 6 माह से यह 14 महिलाएं न्याय की गुहार लिए प्रशाशन के पास जा रही है बावजूद इस प्रकरण में जिस महिला ने धोखाधड़ी किया है उससे पूछताछ तो छोड़ो उसे एक नोटिस तक विभाग के द्वारा नहीं दिया जाता जो कि प्रशासन को सवालों के कटघरे में खड़ा करता है।

# अतिक्रमण के कारण सीसी रोड का काम अधूरा, रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड का निर्माण कार्य मेन रोड से डॉक्टर अश्वनी साहू, सोनू साहू के घर होते हुए निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य अंतिम छोर से आ रही है। वहीं मेन रोड के पास निर्माण कार्य को अतिक्रमण के कारण से रोका गया है। आपको बता दे अतिक्रमण को हटाने के लिए सर्वप्रथम नगर पालिका के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी को आवेदन 18 मार्च को दिया गया था। अतिक्रमण नहीं हटने के बाद तहसीलदार को 11 अप्रैल को आवेदन दिया गया फिर भी कार्रवाई नही हुई तत्पश्चात अनुभागीय अधिकारी पाटन के समक्ष 15 अप्रैल 2025 को भाजपा नेता नगर महामंत्री सोनू साहू के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें वार्डवासियों का पूरा सहयोग रहा है। उसके बाद भी अतिक्रमण को आज तक नहीं हटाया गया। भाजपा नेता सोनू साहू ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि आखिर किसकी दबाव में अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अधिकारियों के द्वारा नहीं की जा रही है। समझ से परे हैं। निर्माण कार्य हफ्ते भर से अधूरा है। मेन रोड से आम नागरिकों का आने जाने का रास्ता है जिसमें बड़ा सा गड्ढा भी है जो दुर्घटना होने की संभावना है। लोगों को सुगम रास्ता सफर करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमणकारी के ऊपर मेहरबान होने के कारण कार्य को प्रगति नहीं मिल रहा है। आखिर किसके दबाव में अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है समझ से परे हैं। लगातार आवेदन देकर के हम थक चुके हैं। अब कब अतिक्रमण हटेगा और फिर से निर्माण कार्य चालू होगा इसका भी कोई अता पता नहीं है। वहीं लोक निर्माण विभाग के पार्षद डॉक्टर आलोक पाल ने भी 22 अप्रैल को अतिक्रमण को लेकर के एक आवेदन मुख्यमंत्री साय को भी दिया है साथ ही विभिन्न विकास कार्य निर्माण की भी मांग रखी है।

### कार्रवाई करता हूं

“ उस स्थान को देख लेता हूं, उसके बाद शीघ्र ही जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**लवकुश ध्रुव,** एसडीएम पाटन

# छत्तीसगढ़ सहायक व समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर दुर्ग के नाम अपर कलेक्टर अरविंद कुमार एक्का को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में अवकाश पर प्रतिबंध और मुख्यालय न छोड़ने के आदेश को शिथिल करने की मांग की। सुशासन तिहार के अंतर्गत 31 मई 2025 तक कलेक्टर दुर्ग द्वारा जारी एक आदेश में जिला के समस्त कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृत पर प्रतिबंध और मुख्यालय न छोड़ने का आदेश जारी किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है। कई माह पूर्व ही अवकाश काल में परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी ब्याह या तीर्थ व पर्यटन स्थलों में जाने का कार्यक्रम तय कर लिया जाता है। ऐसे में इस तरह के आदेश जारी होने से जिला के शिक्षक संवर्ग में निराशा का माहौल है।



■ मुख्यालय न छोड़ने के आदेश को शिथिल करने की मांग

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के लिए अवकाश स्वीकृत न करने और मुख्यालय न छोड़ने के आदेश को शिथिल करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिंह परिहार, उपाध्यक्ष द्वय राजकुमार बघेल, टेकेश्वर प्रसाद यदु, अंकेश महिपाल, दानेश्वर प्रसाद वर्मा, मानसमणि यदु, अशोक कुमार ओझा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# पानी, बिजली और सफाई पर पक्ष-विपक्ष ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ कुम्हारी में सामान्य सभा की बैठक आयोजित

सामान्य सभा की बैठक में बुधवार को भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के लगभग सभी पार्षद उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य चर्चा का विषय जलापूर्ति, बिजली और सफाई की समस्या मुख्य रूप से रही जिस पर चर्चा के अंतर्गत दोनों ही पक्षों द्वारा इस समस्या के निवारण के लिए खुलकर चर्चा की गई। इस बीच जमकर आरोप और प्रत्यारोप का दौर भी चला। महिला पार्षद रितिका यादव ने जलापूर्ति के लिए टेंकर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए समय पर आपूर्ति नहीं की जाने की शिकायत की, लेखराम साहू ने कहा कि पानी की व्यवस्था पूरी तरह से बिगाड़ दिया गया है, पूर्व में घर-घर नल से पानी सप्लाई होता था, साथ ही पात्रा तालाब, बड़े तरैया को पानी से भर कर जल स्तर बना रहता था, अब पानी टैंकर से भी पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नगर में टैंकर मुक्त पानी सप्लाई की व्यवस्था होनी चाहिए। इसी प्रकार नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव ने भी अपने वार्ड की समस्याओं के साथ टैंकर व्यवस्था पर सवाल उठाए। पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है तो दूसरी ओर स्वीमिंग पूल निर्माण किये जाने कि बातें हो रही हैं।



नगर में स्वच्छता के विषय पर गंभीर चर्चा कि गई ताकि जनता को इस समस्या से मुक्ति मिल सके। पूर्व में जिस प्रकार की सफाई व्यवस्था थी उसी स्थिति को बहाल रखे जाने पर भी विचार रखा गया। वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद निर्मला कुर्रे ने पानी सहित सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही उन्होंने कहा कि जगह-जगह नालियों की सफाई ठीक से नही हो पा रही है। तमाम आरोपों पर जवाब देते हुए जल संसाधन प्रभारी अश्वनी देशलहरे ने कहा कि विगत दिनों अचानक बेमौसम आंधी और वर्षा की मार से नगर के अनेक स्थानों में वृक्ष क्षतिग्रस्त हुए जिससे बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होने के कारण जलापूर्ति में बाधा आई वहीं भूमिगत जलस्तर भी कम होने से पानी की कमी हो रही है यह सर्वविदित है। हमारे द्वारा सभी को समान रूप से जल की सुविधा प्रदान किया जाने का प्रयास जारी है और हो भी रहा है धीरे-धीरे सब चीजें व्यवस्थित हो जाएंगी भरोसा रखिए, किन्तु जलापूर्ति हो ही नही पा रही है यह आरोप भी बिल्कुल गलत है अभी दो महीने हुए हैं इस जिम्मेदारी को लिए हुए सबकुछ तत्काल हो जाय यह सम्भव नही है। संसाधनों को ठीक किया जा रहा है जल्दी ही सब ठीक हो जाएगा।

### उचित कदम उठाने का दिया आश्वासन

विषय की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने तत्काल उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया एवं सभी सदस्यों से अपील करते हुए समझाया कि सदन की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे का सम्मान करें अपनी बातों को तथ्यपरक रखें। जनहित को सर्वोपरि मानकर दलगत भावना से ऊपर उठकर सेवा भाव से मिलजुलकर एक परिवार की तरह कार्य करें, नगर की समस्याओं का समाधान और विकास ही हमारा लक्ष्य है इसलिए आरोप प्रत्यारोप में अपनी ऊर्जा समाप्त न करें हम सबको मिलकर ही नगर की समस्याओं का समाधान करना है आप सभी का साथ आवश्यक है। वैसे जल संकट और सफाई की समस्या पर युद्धस्तर पर शीघ्र ही अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। बैठक में विगत दिनों हुए सब्जी मंडी वाहन स्टैंड नीलामी 2025-26 के उच्चतम बोली सत्तर लाख को बहुमत से पारित किया गया।

# हिंदू जागरण मंच ने आतंकियों का फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गुरुवार को हिन्दू जागरण मंच कुम्हारी के तत्वाधान में सर्व हिन्दू समाज द्वारा बीते दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सर्व हिन्दू समाज आक्रोशित हैं। जिस तरह आतंकियों ने जाति नहीं धर्म पूछकर 27 हिंदुओं की बेरहमी से गोली मारकर हत्या की वह बेहद शर्मनाक हैं। इस घटना में छत्तीसगढ़ से भी कुछ हिन्दू परिवार कश्मीर घूमने गए थे जिनकी हत्या कर दी गई इसके विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने आतंकियों का पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हिन्दू पर अत्याचार बंद करो, हिंदुओं की हत्या बंद करो के नारे लगाकर प्रदर्शन किया। उपस्थित लोगों ने इस घटना में अपनी जान गंवाने वाले हिंदुओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ ही सरकार से गुजारिश की है कि इसके लिए दोषी पाकिस्तान को सबक सिखाकर आतंकवाद को खत्म किया जाय। हिंदू जागरण मंच प्रांत संयोजक अवधेश दुबे ने कहा की ऐसे इस्लामिक आतंकवाद जो हिंदू का धर्म पूछकर उन्हें मारा हैं यह दर्शाता हैं कि हिंदुओं से इस्लाम को कितनी नफरत हैं। बंगलादेश, बंगाल, कश्मीर में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा हैं निश्चित रूप से इससे गहरे षड्यंत्र की बू आ रही हैं। इसके अलावा हरिदास वैष्णव, विशाल ताम्रकार, रामबिहारी मिश्रा, लोकेश साहू, पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, मिथिलेश यादव, सुनील चंद्राकर, राजू निषाद एवं बबला चंद्राकर ने भी अपना वक्तव्य रखा एवं सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की अपील की। अंत मे उपस्थित सभी लोगों ने मृतात्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और तहसीलदार पवन ठाकुर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### विश्व मलेरिया दिवस पर मच्छर जनित बीमारियों से बचाव का दिया संदेश

सेलूद। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देश के आधार पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र सेलूद में 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को मलेरिया से बचने के संबंध में जानकारी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ने ग्रामीणों से कहा कि मलेरिया के मच्छर स्वच्छ और स्थिर जलनिकायों में पनपते हैं इसलिए अपने घरों एवं आस-पास पानी जमा न होने दें। दवालेपित मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, लक्षण दिखने पर तुरंत खून की जांच करवाएं एवं चिकित्सक की सलाह के अनुसार मलेरिया का पूर्ण उपचार अवश्य लेवें। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। बुखार होने पर तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं मलेरिया की जांच एवं उपचार सभी शासकीय, स्वास्थ्य केन्द्रों में निः शुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर ग्रामीण सुरेन्द्र साहू, ईश्वर ठाकुर, विश्राम साहू, ज्यायसी, वंदना चौधरी, भुनेश्वरी वर्मा, संगीता कोठारी, आशा परगनिहा व स्कूल के शिक्षकों सहित ग्रामीण उपस्थित थे।






# टाउनशिप में नगर निगम के आधा दर्जन उद्यान चार साल से अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भीषण गर्मी में दिनभर घरों में उमस से परेशान टाउनशिप के लोग शाम होते ही बाहर घूमने की चाहत रखते हैं। लेकिन विभिन्न सेक्टरों में स्थित नगर निगम के कई उद्यान अधूरे पड़े हैं । वहीं कुछ कचरे से पटे हैं। आधा दर्जन उद्यान अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। इसके चलते बुर्जुग,महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नगर नगर निगम भिलाई सुस्त बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने सभी अधूरे और अस्वच्छ उद्यानों की सफाई की मांग की है।

गौरतलब हो कि बीएसपी टाउनशिप में बीएसपी के उद्यानों के अलावा नगर निगम द्वारा भी छोटे- छोटे उद्यान बनाए गए हैं। ऐसी उद्यान वाटिकाएं सभी सेक्टरों में स्थित हैं। लेकिन विभिन्न सेक्टरों में ऐसे आधा दर्जन उद्यान हैं, जिनका निर्माण चार साल बाद भी अधूरा है। इसका खामियाजा इन दिनों बढ़ती गर्मी के दौरान क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। सेक्टर सात में से तीन उद्यान पिछले चार साल से अधूरे हैं। इनमें सिर्फ फेंसिंग लगाकर छोड़ दिया गया है। पौधे और पाथवे आदि का निर्माण अब तक नहीं किया गया है। सड़क 14 स्थित उद्यान में मात्र फेंसिंग की गई है। अब तक लाइट कनेक्शन भी नहीं है। इसके अलावा सेक्टर छह में एक और सेक्टर आठ में भी एक उद्यान अब तक अधूरा पड़ा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अधिकतर अधूरे उद्यानों का निर्माण कार्य प्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में शुरु हुआ था। लेकिन सरकार बदलने के बाद विकास रुका हुआ है। अब तक उद्यानों का निर्माण अधूरा होने से भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत सेवानिवृत्त वृद्ध लोगों और बच्चों तथा महिलाओं को हो रही है। सेक्टर 6 के रिटायर बीएसपी कर्मी अविनाश चंद्र साहू ने बताया कि उद्यान की समस्या के चलते सुबह और शाम वाकिंग क्रास स्ट्रीट में ही करना पड़ रहा है, जहां दोपहिया और आवारा मवेशियों से घायल होने के खतरा बना रहता है। सेक्टर 7 की मालती जैन बताती हैं कि बीएसपी उद्यान दूर है । आखिर गर्मी में बच्चे खेलने जाएं तो जाएं कहां ।


## रहवासी की पीड़ा :आखिर बच्चे और बुजुर्ग घूमने के लिए जाएं तो जाएं कहां



### कचरे से पटे हैं गार्डन

टाउनशिप में नगर निगम के कुछ उद्यानों में अस्वच्छता का माहौल है। नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को असुविधा हो रही है। सेक्टर एक पावरहाउस स्टेशन के सामने नियमित सफाई नहीं हो रही है। पेड़ों के पत्ते चारों ओर बिखरे पड़े हैं। इसके सामने के दूसरे उद्यान के गेट को भी बंद कर दिया गया है। इसी तरह सेक्टर 6 उद्यान भी कचरे से पटा है। अंदर परिसर में गाजर घास, खरपतवार और सघन झाड़ियां फैली हुई हैं।

## खबर संक्षेप





### डॉग स्क्वॉड के लेब्राडोर ने भी दी नए पुलिस कप्तान को सलामी

**भिलाई।** जिले के नए पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल शुक्रवार को न्यू पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने जवानों की कार्यशैली को परखा। परेड में सलामी ली। इस दौरान डॉग स्क्वाड के ट्रेंड लेब्राडोर डॉग को भी लाया गया। उस डॉग ने भी अपने पुलिस कप्तान को अपने अंदाज में सलामी दी। इस पर एसएसपी डॉग के मुरीद हो गए। बता दें कि पुलिस विभाग ऐसे डॉग को ट्रेंड करता है, साथ ही उनकी ग्रेडिंग भी तय होती है। एसएसपी ने परेड की सलामी के दौरान बेहतर टर्न आउट करने वालों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने वाहनों का निरीक्षण किया। जवानों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को वर्दी का सम्मान करने और साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।

## असंतोष: गुस्साए मजदूरों ने मुर्गा चौक पर किया जंगी प्रदर्शन

# हजारों ठेका श्रमिकों को काम के अनुरुप वर्षों से नहीं मिल रहा वेतन और सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में हजारों ठेका मजदूर नियमित कर्मचारियों की तरह वर्षों से उत्पादन और स्थाई प्रकृति के कार्यों में बराबर का योगदान दे रहे हैं। लेकिन उन्हें काम के अनुरुप वेतन दिया जा रहा है और न ही सुविधाएं ही उपलब्ध करवाई जा रही है। यूनियन के कई बार मांग के बाद भी सेल और स्थानीय प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे गुस्साए श्रमिकों ने शुक्रवार को वेतन और सुविधाओं सहित अन्य मांगों को लेकर मुर्गा चौक सेक्टर एक में बीएसपी के आईआर विभाग के आफिस के सामने जंगी प्रदर्शन किया। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले किए गए प्रदर्शन के बाद औद्योगिक संबंध विभाग के अधिकारियों को बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द सभी मांगों को पूर्ण कराने की मांग की गई। ऐसा नहीं किए जाने पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा यूनियन पदाधिकारियों को प्रबंधन से चर्चा कराने का भरोसा दिलाया गया है।

### ठेका श्रमिक यूनियन ने बीएसपी के जीएम को सौंपा 19 सूत्रीय ज्ञापन



### उत्पादन और लाभार्जन योगदान के बाद भी उपेक्षा

सुबह बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूर रैली के रुप में सेक्टर एक मुर्गा चौक पर एकत्र हुए। इंटक यूनियन के नेतृत्व में सुबह 7 से 8 बजे तक भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग कार्यालय के सामने मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। संयंत्र के उत्पादन, उत्पादकता एवं लाभार्जन में पूर्ण योगदान देने के बाद भी श्रमिकों के वेतन एवं सुविधाओं में बढ़ोतरी नहीं होने से मजदूर आक्रोशित दिखे। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा ठेका श्रमिकों का बीएसपी में नियमित कर्मचारियों की भांति उत्पादन एवं लाभार्जन में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान है लेकिन श्रमिकों को नियमित कर्मचारियों की भांति सुविधा नहीं मिल रही है। यूनियन ठेका श्रमिकों के जीने लायक वेतन के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन लगातार प्रयास करते रहेगी। जल्द मांगें पूर्ण नहीं होने पर कड़े कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शन में यूनियन के सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल, सुरेश, श्याम कुमार, गुलाब दास, जसवीर सिंह, गुरुदेव साहू, जयराम ध्रुव, संतोष ठाकुर, सुरेश दास टंडन, यशवंत यादव, रामू ,दामन लाल, संजीव कुमार, कान्हाराम, दौऊलाल, नरेंद्र कुमार, टामन लाल, कामता प्रसाद पटेल, बलराम वर्मा और कार्यकारिणी के सदस्यों सहित बड़ी तादाद में मजदूर उपस्थित थे । प्रदर्शन के दौरान यूनियन अध्यक्ष संजय साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ विकास चंद्र और सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित, वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजय, को निदेशक प्रभारी के नाम भपान सौंपकर ठेका श्रमिकों के वेतन और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की मांग की गई। विकास चंद्रा ने यूनियन को आश्वस्त किया कि मांगों को लेकर जल्द उच्च प्रबंधन से चर्चा कराएंगे। उचित मांगों का निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा।

### इन मांगों से कराया अवगत

बीएसपी के एस-1 ग्रेड के कर्मचारी के बराबर वेतन देने या 26 हजार रुपया वेतन निर्धारण हो। 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए,ठेका श्रमिकों को संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आने-जाने की अनुमति दी जाए एवं संयंत्र के अंदर मोटरसाइकिल जाने की अनुमति प्रदान की जाए। 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए। ठेका श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने एवं सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए और ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए। ठेके में शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता के बजाए अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए। ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए। रात्रि भत्ता सहित साइकिल भत्ता, कैंटीन व हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बी एस पी स्कूलों में ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित किया जाए।

## बीएसपी से 220 किलो तांबा तार की चोरी नैनो समेत आरोपी पार्षद पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र से करीब 220 किलो तांबे का तार चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में भट्ठी पुलिस ने रिसाली निगम के पार्षद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि संयंत्र की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को चोरी में प्रयुक्त कार एवं 220 किलो तांबे के साथ भट्ठी पुलिस के सुपुर्द किया गया है। आरोपी पार्षद का नाम परमेश्वर देवदास बताया गया है। पुलिस आरोपी की पार्षद होने की जानकारी की पतासाजी कर रही है। उसे वार्ड क्रमांक 35 का पार्षद बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बीएसपी के भीतर 220 किलो तांबा नैनो कार में परिवहन कर ले जा रहा था। जिसे सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ा। आरोपी पार्षद को 220 किलो तांबा परिवहन में प्रयुक्त नैनो कार के साथ सीआईएसएफ के द्वारा भट्ठी पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी भट्ठी राजेश साहू ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।



सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूर्व में निर्दलीय रहते हुए परमेश्वर देवदास ने वार्ड क्रमांक 35 से चुनाव जीता था। उसके बाद नगर निगम रिसाली में एमआईसी सदस्य था। परंतु कुछ दिन पूर्व ही भाजपा में प्रवेश कर लिया था।

## जेएलएन अस्पताल में ईटीपी व अग्नि सुरक्षा प्रणाली शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने किया उदघाटन

बीएसपी के जेएलएन हास्पिटल सेक्टर नौ में दो अधोसंरचनात्मक सुविधाएं – 300 केएलडी एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और अत्याधुनिक ड्यूल फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, बीके गिरि, तथा डां. रवीन्द्रनाथ एम सहित सीजीएम अनुराग उपाध्याय, उमेश भारद्वाज, प्रणय कुमार, डां. विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां. सौरव मुखर्जी, जीएम एसएम शाहिद अहमद, डां. उदय कुमार, जीएमसंजय दवे, अतुल नौटियाल, प्रशांत तिवारी आदि उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने उदघाटन करते हुए जेएलएन चिकित्सालय सामूहिक टीम शुभकामनाएं दीं और कहा कि नवस्थापित प्रणालियों के दक्ष और विवेकपूर्ण उपयोग से मरीजों को लाभ होगा।

### अपशिष्ट जल का होगा उपचार

300 केएलडी क्षमता वाला एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) चिकित्सालय के 860–बेड युक्त संकुल से उत्पन्न अपशिष्ट जल का उपचार करेगा। यह संयंत्र भौतिक विधियों जैसे स्क्रीनिंग एवं सेडीमेंटेशन (एसएमएफटी व लमेल्ला क्लैरिफायर), जैविक उपचार के लिए मूविंग बेड बायोफिल्म रिएक्टर (एमबीबीआर) तकनीक, तथा रासायनिक प्रक्रियाओं जैसे कोएग्युलेशन एवं पीएच स्थिरीकरण की मिश्रित विधि अपनाता है। उपचारित जल को या तो परिसर में पुनः उपयोग किया जाएगा अथवा पर्यावरणीय मानकों –पी एच, बीओडी, सीओडी एवं टीएसएस–की सतत निगरानी के बाद सुरक्षित रूप से निर्वहन किया जाएगा। ड्यूल फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम पहला, वाटर स्प्रिंकलर नेटवर्क, जो 19,670 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। इसमें 3,910 स्प्रिंगलर तथा 600 मल्टी–सेंसर डिटेक्टर लगे हैं। दूसरा, क्लीन एजेंट गैस सप्रेशन सिस्टम, जो 1,025 वर्ग मीटर अतिरिक्त क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान करता है।

## मुड़पार में 3 दिन से लापता बालक की खदान में डूबने से मौत, परिजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री



**भिलाई/सेलूद।** ग्राम मुड़पार के 12 वर्षीय हर्ष पिता राजेश यादव मंगलवार की सुबह 11 बजे से लापता था, जिसकी सूचना परिजनों ने उतई पुलिस को दी। इसके बाद खोजबीन शुरू हुई। पुलिस की डॉग स्क्वाड टीम आई, जो इसी खदान के पास आकर रुक गई। इसके बाद बालक को खोजने खदान में उतरा गया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजन खदान के चारों तरफ खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मृतक का चप्पल और कपड़ा ग्राम चुनकट्टा की छोर के तरफ मिला। कपड़ा मिलने के बाद परिजनों ने खदान के चारों तरफ घूमकर देखा, तब बालक का शव ऊफना हुआ मिला। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। मुड़पार में मंगलवार से लापता बच्चे हर्ष यादव का लाश कमल केडिया के बंद पड़े खदान में मिलने से पूरा गांव गमगीन है। साथ ही मुड़पार के ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा आर्थिक मुआवजे की मांग की है। सरपंच बालकिशोर तिवारी, लोचन यादव, पप्पू यादव, रत्नु यादव, लक्ष्मण यादव, राजेंद्र यादव, पंचा यादव सहित अन्य ग्रामीण इस दौरान मौजूद थे। इधर घटना की जानकारी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर्ष यादव के पिता राजेश यादव व उसके दादा केशु यादव से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। बता दें कि सेलूद से लगे चुनकट्टा, मुड़पार, ढौर व सेलूद में दर्जनों खदान हैं, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं के बराबर है।

- ग्रामीणों ने की खदान के मालिक पर कार्रवाई की मांग

## मैत्रीबाग में युवा और बच्चे ले रहे झील में बोटिंग का मजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बदलियों के चलते गर्मी से मिली थोड़ी राहत मैत्रीबाग आने वाले युवा पर्यटकों को लिए सुकूनजदा साबित हो रही है। खुशनुमा मौसम में युवाओं के साथ बच्चे खूबसूरत झील में बोटिंग के रोमांच का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। सैलानियों को सबसे ज्यादा भीड़ी बोटिंग लाउंच में है।

- सैलानी आकर्षक नजारें की ले रहे सेल्फी

मैत्रीबाग में इन दिनों धूप -छांव के सिलसिले से मौसम खुशगवार हो गया है। यहां पर्यटकों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र खूबसूरती और ठंडकता से लबरेज झील बनी हुई है। यहां यंगस्टर नौकायन को मजा ले रहे हैं। मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा सैलानियों के लिए आठ पैडल वाली बोटें झील में उतारी गई हैं। झील में नौकायन के पूर्व बकायदा पर्यटकों को लाइफ सेफ्टी जैकेट उपलब्ध कराई जाती है। फिर झील का रोमांचभरा एक चक्कर कब खत्म होती है उन्हें पता नहीं चलता। कई युवा कपल प्रकृति की छांव बीच बोटिंग करते हुए मोबाइल से फोटोग्राफी और सेल्फी में खोए रहते हैं। वहीं बच्चों की भी खुशी का ठिकाना नहीं होता । यहां पर्यटकों को बोटिंग के लिए लुभाने के लिए रोचक शैली में एनाउंस भी किया जाता है। फिल्मी गीतों के बजने के बीच बोटों का मजा लेने के लिए सैलानियों को आमंत्रित किया जाता है।



## पुलिस का अभियान, 464 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**भिलाई।** नए पुलिस कप्तान के आते ही ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त हो गई है। शुक्रवार को लोगों में ट्रैफिक सेंस जगाने और हाईवे पर अतिक्रमण कर लंबे समय से जमे लोगों पर कार्रवाई की गई। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर संदिग्ध स्थलों की चेकिंग की। 3 सवारी वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया गया। विजिबल पुलिसिंग हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 5 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी करने वाले 51 व्यक्तियों आबकारी एक्ट लगाया गया। 464 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। होटल, लॉज की चेकिंग कर यहां रुके व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया।



- हाईवे पर अतिक्रमण करने वाले और कंडम गाड़ी डंप करने वालों को अल्टीमेटम

### हाईवे पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुहिम

शुक्रवार को पुलिस ने हाईवे पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों से जुर्माना वसूला गया, जब्ती कार्रवाई भी की गई। पुलिस और निगम की संयुक्त टीम ने सुपेला चौक से डबरापारा के तिराहा तक नो पार्किंग में खड़ी 27 वाहनों पर कार्यवाही की। साथ ही ऐसे 18 कंडम वाहन जो नेशनल हाईवे एवं सर्विस रोड को प्रभावित कर रहे हैं, उन वाहनों पर चस्पा नोटिस किया गया। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे कंडम वाहनों के मालिकों का डिटेल निकाल कर उनको अलग से नोटिस जारी किया जाएगा।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## लीन मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से परिचालन दक्षता बढ़ेगी

# बीएसपी और आईआईएम रायपुर के मध्य समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रायपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य 'लीन मैन्युफैक्चरिंग' तकनीकों के माध्यम से वैल्यू स्ट्रीम मैपिंग को लागू कर परिचालन प्रक्रियाओं को सुचारु बनाना है।

कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गुरुवार को इस्पात भवन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, तथा राकेश कुमार भी उपस्थित थे।यह समझौता ज्ञापन बीएसपी में प्रक्रिया सुधार को



संस्थागत रूप देने एवं परिचालन को सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से बीएसपी में साक्ष्य-आधारित परामर्श प्रणाली के द्वारा अक्षमताओं की पहचान कर उन्हें दूर किया जाएगा। बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास तथा आईआईएम रायपुर की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. राजीव ए ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस कंसल्टेंसी फ्रेमवर्क को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में तीन प्रमुख विभागों, सीबीडी, बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) तथा सिन्टर प्लांट-3 (एसपी-3) का व्यापक संगठनात्मक मूल्यांकन किया जाएगा।

### लाभप्रदता बढ़ाने दिया जोर

एस मुखोपाध्याय ने लीन मैन्युफैक्चरिंग' उपकरणों की प्रासंगिकता पर बल दिया।प्रवीण निगम ने लागत में कमी लाने एवं लाभप्रदता बढ़ाने हेतु कार्यक्षमता आधारित रणनीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. राजीव ए. एवं डॉ. प्रणीत कुमार रॉय सहित अन्य संकाय सदस्यों ने सहयोग की कार्यप्रणाली को साझा किया । इस अवसर पर सीजीएम एके दत्ता, योगेश शास्त्री, इंद्रजीत सेनगुप्ता, जीएम मनोज दुबे, तथा संजीव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

